■ कार्तिक कृष्ण - 1 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 123 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 28-11-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 भारत 2024 टी20 विश्व कप खिताब का बड़ा दावेदार : शास्त्री

6 सोशल मीडिया पर नग्नता का नंगा नाच

7 सिख आज पूरी दुनिया में छाये, पर मुगलों का कहीं अता-पता नहीं : योगी आदित्यनाथ

## फर्स्ट टेक

### न्यूजीलैंड के नए प्रधानमंत्री बने क्रिस्टोफर लक्सन

**वेलिंग्टन/एपी।** क्रिस्टोफर लक्सन ने सोमवार को न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता अर्थव्यवस्था में सुधार करना है। पूर्व व्यवसायी लक्सन(53) एक रूढ़िवादी गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं जिनकी राष्ट्रीय पार्टी ने शुक्रवार को दो छोटी पार्टियों के साथ समझौता किया। न्यूजीलैंड में बीते महीने आम चुनाव हुए थे। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता गवर्नर-जनरल सिंडी किरो ने की। इसके बाद लक्सन ने संवाददाताओं से कहा कि यह एक 'बड़ी जिम्मेदारी' है। उन्होंने कहा कि वह मंगलवार को कैबिनेट की पहली बैठक करेंगे और जल्द 100 दिवसीय योजना को अंतिम रूप देंगे।

### इजराइल और हमास पर संघर्ष-विराम बढ़ाने का दबाव

**तेल अवीव/एपी।** अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ गाजा में संघर्ष-विराम को बढ़ाने के लिए दबाव डाल रहे हैं जो सोमवार को समाप्त हो जाएगा। इस संघर्ष-विराम ने पिछले कुछ दशकों में सबसे घातक इजराइली-फलस्तीनी हिंसा को रोक दिया है। इजराइल द्वारा कैद फलस्तीनियों की रिहाई के बदले, हमास चरमपंथियों द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को छोड़ने के चौथे चरण के लिए दोनों पक्ष तैयार हैं। इजराइल ने कहा है कि वह हर 10 अतिरिक्त बंधकों के लिए संघर्ष-विराम को एक दिन बढ़ाएगा। हमास ने यह भी कहा कि उसे अमेरिका, कतर और मिस्र की मध्यस्थता में हुई कई सप्ताह की परोक्ष वार्ता के बाद गत शुक्रवार को प्रभाव में आए चार दिन के संघर्ष-विराम के बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन इजराइल का कहना है कि वह हमास की सैन्य क्षमताओं को कुचलने और गाजा पर उसके 16 साल के शासन को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### प्रीडेटर ड्रोन सौदे को अंतिम रूप दे सकते हैं भारत, अमेरिका

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत अंतर-सरकारी ढांचे के तहत मार्च तक अमेरिका से 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर सशस्त्र ड्रोन खरीदने को लेकर एक ऐतिहासिक सौदे पर विचार कर रहा है और अमेरिकी कांग्रेस से अगले कुछ हफ्तों में आपूर्ति को मंजूरी मिल जाने की उम्मीद है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अमेरिका की प्रमुख रक्षा कंपनी जनरल एटॉमिक्स (जीए) से ड्रोन के अधिग्रहण के लिए भारत के अनुरोध पत्र (एलओआर) पर वाशिंगटन की प्रतिक्रिया के बाद अमेरिका और भारत के अधिकारी खरीद पर बातचीत की अंतिम कड़ी आयोजित करेंगे। भारत सशस्त्र बलों के निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए, विशेष रूप से चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लंबे समय तक चलने वाले 'हंटर-किलर' ड्रोन खरीद रहा है।

| | |
|---|---|
| 28-11-2023 सूर्यास्त 5:39 बजे | 29-11-2023 सूर्योदय 6:14 बजे |
| BSE 65,970.04 (-47.77) | NSE 19,802.00 (-9.85) |
| सोना 6,297 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 77,000 रु. प्रति किलो |

## दर्शन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के तिरुमाला मंदिर में श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किये।


**जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर. आर. स्वैन ने कहा**

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर. आर. स्वैन ने सोमवार को यहां कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है और सुरक्षा बलों को भले ही नुकसान पहुंच रहा हो लेकिन हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल इस क्षति को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा,



''अगर आगे बढ़ने की इस चुनौती में हमें नुकसान उठाना पड़े...तब भी हम पीछे नहीं हटेंगे।''

गुरु पर्व के अवसर पर श्रीनगर के छठी पादशाही गुरुद्वारा में मत्था टेकने के बाद स्वैन ने पत्रकारों से कहा, ''यह लड़ाई अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। लड़ाई तभी खत्म होगी जब अन्य पक्ष यह स्वीकार कर लें कि इसमें कोई लाभ नहीं है और यह कदम उन्हें सिवाय खून खराबे के कहीं और नहीं ले जाएगा। जहां तक हमारी लड़ाई का संबंध है तो यह हकीकत है कि क्षति होती है लेकिन इस नुकसान को झेलते हुए हमें आगे बढ़ना होता है। हम इस लड़ाई से पीछे नहीं हट सकते।''

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हर साल ठंड के मौसम के दौरान कुछ स्थानों पर घुसपैठ बढ़ती और कुछ स्थानों पर घटती है।


# 31 मीटर तक सिलक्यारा सुरंग में लंबवत ड्रिलिंग हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**उत्तरकाशी/ भाषा।** निर्माणाधीन सिलक्यारा बड़कोट सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए सुरंग के ऊपर से की जा रही लंबवत ड्रिलिंग 31 मीटर तक पहुंच चुकी है । क्षैतिज ड्रिलिंग कर रही ऑगर मशीन के टूटने के बाद वैकल्पिक रास्ता तैयार करने के लिए रविवार को सुरंग के ऊपर से लंबवत ड्रिलिंग शुरू की गयी थी ।

सिलक्यारा में बचाव कार्यों की देखरेख कर रहे सीमा सड़क संगठन के पूर्व महानिदेशक हरपाल सिंह ने मंगलवार को बताया कि अब तक 31 मीटर लंबवत ड्रिलिंग की जा चुकी है ।

इसके तहत 1.2 मीटर व्यास के पाइपों को लंबवत तरीके से सुरंग के शीर्ष से नीचे



की ओर डाला जाएगा । अधिकारियों ने रविवार को बताया था कि सुरंग में फंसे श्रमिकों तक पहुंचने के लिए कुल 86 मीटर लंबवत ड्रिलिंग की जाएगी और इसमें चार दिन का समय लगेगा ।

सिंह ने बताया कि ड्रिलिंग के दौरान मलबे में फंस गए, अमेरिकी ऑगर मशीन के शेष बचे हिस्से भी सोमवार को तड़के बाहर निकाल लिए गए जिसके बाद श्रमिकों के लिए पहले से बनाए जा रहे रास्ते को पूरा करने के लिए अब 'मैन्युल ड्रिलिंग' शुरू की जाएगी । उन्होंने बताया कि इसके लिए तैयारियां चल रही हैं ।

शुक्रवार को दोपहर में जब 25 टन वजनी ऑगर मशीन टूटी, उस समय तक बचावकर्मी मलबे के अंदर 47 मीटर तक भेद चुके थे और श्रमिकों तक पहुंचने के लिए केवल 1012 मीटर ड्रिल करना ही शेष रह गया था ।

### अब मलेशिया भी देगा भारतीयों को वीजा-मुक्त प्रवेश

**कुआलालंपुर/भाषा।** मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने एक दिसंबर से भारतीय एवं चीनी नागरिकों को 30 दिन का वीजा मुक्त प्रवेश दिए जाने की घोषणा की है। थाईलैंड और श्रीलंका ने भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हालिया सप्ताह में इसी प्रकार की घोषणाएं की थी। इब्राहिम ने कहा कि वर्तमान में खाड़ी देशों और तुर्किये एवं जॉर्डन सहित अन्य पश्चिम एशियाई देशों को यह सुविधा प्राप्त है तथा अब यह भारत और चीन को भी दी जाएगी। देश की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'बरनामा' के अनुसार, इब्राहिम ने साथ ही कहा कि वीजा छूट के दौरान कड़ी सुरक्षा जांच की जाएगी। इब्राहिम देश के वित्त मंत्री थी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''मलेशिया आने वाले सभी पर्यटकों और आगंतुकों की प्रारंभिक जांच की जाएगी। सुरक्षा एक अलग मामला है। यदि किसी व्यक्ति का आपराधिक रिकॉर्ड हैं या किसी से आतंकवाद का खतरा है तो उसे प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।''

# राष्ट्र सर्वोपरि की संस्कृति विकसित करने का धनखड़ ने किया आह्वान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्र सर्वोपरि की संस्कृति विकसित करने का आह्वान करते हुए कहा है कि महिला आरक्षण से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

धनखड़ ने सोमवार को श्रीमद राजचंद्र जयंती-'आत्मकल्याण दिवस' पर अयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ऐसा वातावरण और ऐसी संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है जिसमें सभी लोग राष्ट्र को सर्वोपरि रखें। उन्होंने कहा,हमें भारतीयता में विश्वास करना चाहिए और भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए। हमें हमारी ऐतिहासिक उपलब्धियां पर गर्व करना चाहिए। हमने जिस चीज का सपना नहीं देखा था, कभी कल्पना नहीं की थी आज वह सब जमीनी हकीकत है।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने श्रीमद राजचंद्र जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया।



धनखड़ ने कहा, पिछली शताब्दी के महापुरुष महात्मा गांधी थे और इस शताब्दी के युग पुरुष नरेंद्र मोदी हैं, महात्मा गांधी ने सत्याग्रह एवं अहिंसा से हमें अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा दिलाया था तथा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश को उस रास्ते पर लाए हैं जिस रास्ते पर हम सदियों से देश को देखना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि इन दोनों महानुभावों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में एक समानता है तथा वह समानता यह है कि ये दोनों ही लोग श्री राजचंद्र जी का हृदय से सम्मान करते हैं। राजचंद्र जी जितना महत्वपूर्ण व्यक्तित्व इतिहास में मिलना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि भारत सदियों से महापुरुषों की जननी रहा है। भारत विश्व संस्कृति का केंद्र है। भारत की सभ्यता 5000 वर्षों से भी प्राचीन है। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी ताकत हमारा आध्यात्मिक ज्ञान और संस्कृतिक है। दुनिया के महान देशों के लोग शांति की खोज में हमारे देश में आते हैं। भारत सदियों से संस्कृति और सभ्यतागत लोकाचार का केंद्रबिंदु रहा है। उन्होंने कहा पृथ्वी सिर्फ मनुष्य मात्र के लिए नहीं है। यह धरा सभी प्राणियों के लिए है।

# निवेशक न घबराएं, अच्छे बहुमत से सत्ता में लौट रहे हैं मोदी : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2024 में 'अच्छे बहुमत' के साथ सत्ता में वापसी करने का दावा करते हुए सोमवार को कहा कि इसे लेकर वैश्विक निवेशकों को 'घबराने की जरूरत नहीं है।'

सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार आर्थिक वृद्धि की रफ्तार तेज करने के लिए व्यवस्थागत सुधार लागू करने को प्रतिबद्ध है।

वित्त मंत्री ने 'इंडिया ग्लोबल



फोरम' की तरफ से आयोजित एक ऑनलाइन चर्चा में शामिल होते हुए कहा, निवेशकों को अप्रैल-मई 2024 में होने वाले आम चुनावों के नतीजों को लेकर थोड़ा भी घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, निवेशकों का उम्मीद भरा इंतजार करना सामान्य है और मैं इसे समझ सकती हूं। लेकिन मेरे साथ कई लोगों की भारतीय अर्थव्यवस्था पर नजर है, राजनीतिक माहौल पर नजर है, जमीनी स्तर की वास्तविकताओं को देख रहे हैं। आज स्थिति यही है कि प्रधानमंत्री मोदी वापस आ रहे हैं और अच्छे बहुमत के साथ आ रहे हैं।'

सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कई पहल की हैं जिससे हर भारतीय के जीवन में बदलाव आया है और कारोबारी माहौल में सुधार हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस सरकार ने एक के लिए नहीं बल्कि सबके लिए काम किया है।

रोजगार के मोर्चे पर उन्होंने कहा कि सरकार हर महीने आयोजित होने वाले रोजगार मेलों के जरिये इस साल दिसंबर तक देश के युवाओं को 10 लाख नौकरियां देने के लिए प्रतिबद्ध है। इनमें से लगभग आठ लाख नौकरियां इस साल अब तक दी जा चुकी हैं। वित्त मंत्री ने जलवायु कार्रवाई के बारे में कहा कि भारत अपने पैसे से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जीवाश्म ईंधन की जगह स्वच्छ ऊर्जा अपनाने को वित्तपोषण के लिए उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक चुनौती बताया।

## श्रद्धांजलि



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को नई दिल्ली में सेंट्रल हॉल (संविधान सदन) में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष गणेश वासुदेव मावलंकर को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ओडिशा : राउरकेला-पुरी वंदे भारत ट्रेन पर पथराव, कोई हताहत नहीं

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में राउरकेला-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव किया गया जिसमें किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पूर्वी तट रेलवे ने सोमवार को एक बयान में बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर रविवार रात ढेंकनाल-अंगुल रेल खंड में मेरामंडली और बुधपंक स्टेशनों के बीच पथराव हुआ जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बयान के अनुसार, 'कुछ पत्थरबाजों ने ट्रेन संख्या 20835 वंदे भारत एक्सप्रेस को भुवनेश्वर-संबलपुर रेल लाइन के ढेंकनाल-अंगुल रेल खंड में मेरामंडली और बुधपंक के बीच निशाना बनाया।' एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि इस घटना में एक्जीक्यूटिव श्रेणी के डिब्बे की एक खिड़की क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रेन अपने गंतव्य पुरी तक 13 मिनट देरी से पहुंची।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### वंशवाद

हम दंश वंश का झेल रहे,
इस लोकतंत्र में निर्विवाद।
सत्ता व्यापार व्यवस्था में,
युग-युग से जारी वंशवाद।
काबिल हो चाहे नाकाबिल,
अधिकारिक होता सदा वाद।
निर्णय देता है सिर्फ वक्त,
होगा विस्मृत या रहे याद।।

# अयोध्या में दस लाख ने लगाई आस्था की डुबकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या/वार्ता।** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में कार्तिक पूर्णिमा मेला पर सोमवार को करीब दस लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में डुबकी लगायी।

प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर अयोध्या में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा था। लगभग 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पतित पावनी सरयू सलिला में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्तिक पूर्णिमा स्नान का शुभ मुहुर्त लगने के साथ ही स्नानार्थियों ने सरयू में स्नान करना प्रारंभ किया। देखते ही



देखते सरयू तट पर श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा, जिसका तांता टूटने का नाम नही ले रहा था। वहां तिल रखने की रत्ती भर जगह नही बची थी। श्रद्धालु पतित पावनी सरयू सलिला में आस्था की डुबकी लगा रहा थे।


उन्होंने स्नान, दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सरयू तट पर स्नान, दान का सिलसिला ब्रह्म मुहुर्त से प्रारंभ होकर दोपहर तक चलता रहा। उसके बाद श्रद्धालु दर्शन-पूजन, जलाभिषेक के लिए नागेश्वरनाथ, हनुमानगढ़ी, कनक, श्रीरामजन्भूमि आदि प्रमुख मठ-मंदिरों की ओर उन्मुख हुए, जहां उन्होंने नागेश्वरनाथ में जलाभिषेक किया। उसके हनुमानगढ़ी, कनक भवन, श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला समेत अन्य मंदिरों में दर्शन-पूजन कर मत्था टेका। कार्तिक पूर्णिमा स्नान को देखते हुए अयोध्या अभेद्य सुरक्षा घेरे में जकड़ी रही। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ थी।

# अमेरिका में भारत के राजदूत संधू के साथ खालिस्तान समर्थकों ने की धक्का-मुक्की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**न्यूयॉर्क/भाषा।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने गुरुपर्व के अवसर पर न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में एक गुरुद्वारे में अरदास की। गुरुद्वारे में खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने उनके साथ धक्का-मुक्की की लेकिन सिख समुदाय के सदस्यों ने उन्हें बाहर निकाल दिया।

संधू ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'लॉन्ग आइलैंड के गुरु नानक दरबार में अफगानिस्तान की संगत सहित स्थानीय संगत के साथ



गुरुपर्व मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान कीर्तन सुना, गुरु नानक के एकजुटता, एकता और समानता के शाश्वत संदेश के बारे चर्चा की, लंगर में शामिल हुआ और सभी के लिए आशीर्वाद मांगा।'

खालिस्तानियों के विरोध की आशंका के बीच संधू का हिक्सविले गुरुद्वारे में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सूत्रों ने बताया कि कुछ उपद्रवियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की करने की कोशिश की लेकिन सिख समुदाय के सदस्यों ने उन्हें बाहर निकाल दिया।

संधू ने गुरुद्वारे में अपने बयान में सिख समुदाय के सदस्यों को आश्वासन दिया कि अमेरिका में भारतीय राजनयिक उन्हें सभी सहायता और समर्थन प्रदान करेंगे। संधू के साथ इस मौके पर न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूत रणधीर जयसवाल और उप महावाणिज्य दूत वरुण जेफ भी थे।




# भाजपा तेलंगाना को बीआरएस के चंगुल से छुड़ाएगी : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तेलंगाना को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के चंगुल से बाहर निकालेगी और उनकी पार्टी ने सत्तारूढ़ दल के भ्रष्ट नेताओं को जेल भेजने का संकल्प लिया है।

महबूबाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''भाजपा, बीआरएस के चंगुल से तेलंगाना को बाहर निकालने को अपनी जिम्मेदारी मानती है...केसीआर (मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव) ने यहां जो भी घोटाले किये हैं, (सत्ता में आने पर) भाजपा सरकार उनकी जांच कराएगी।''

प्रधानमंत्री ने यह भी वादा किया कि तेलंगाना के गरीबों और युवाओं से विश्वासघात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, ''हमने बीआरएस के भ्रष्ट लोगों को जेल भेजने का संकल्प लिया है।'' मोदी ने कहा कि राज्य में चुनाव प्रचार के तीन दिनों के दौरान कई लोगों से बातचीत करने का उन्हें अवसर मिला। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोगों ने केसीआर सरकार को उखाड़ फेंकने का पहले से संकल्प ले रखा है।

कांग्रेस और बीआरएस पर प्रहार करते हुए मोदी ने दोनों दलों को तेलंगाना को 'बर्बाद' करने के लिए समान रूप से जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, ''तेलंगाना के लोग एक बीमारी से निजात पाने के बाद दूसरे रोग को फैलने नहीं दे सकते।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तेलंगाना का भाजपा में विश्वास है और राज्य के लोगों ने निर्णय लिया है कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा।

# लोग बीआरएस से नाराज हैं, कोई नहीं चाहता कि केसीआर सरकार दोबारा सत्ता में आए : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हैदराबाद/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दावा किया कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के खिलाफ ''गुस्से'' का माहौल है और लोग नहीं चाहते कि के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में वापस आये।

हुजूराबाद में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान तेलंगाना का दौरा किया और दावा किया कि बीआरएस सरकार के खिलाफ ''गुस्से'' का माहौल जहां ''कोई नहीं चाहता कि केसीआर सरकार सत्ता में वापस आए।'' 'परिवारवाद' शासन को लेकर बीआरएस और कांग्रेस पर हमला करते हुए शाह ने कहा कि अगर लोग भाजपा को चुनते हैं, तो मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग से बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर जनता बीआरएस या कांग्रेस को वोट देती है तो, मुख्यमंत्री एक विशेष परिवार से होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना में पिछड़ा वर्ग से मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। शाह ने कहा, ''इसलिए, बीआरएस को वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) देने का समय आ गया है और उनके वाहन (बीआरएस के चुनाव चिह्न कार) को गैरेज में भेजने का समय आ गया है।'' शाह ने भीड़ से पूछा, ''30 नवंबर को इस केसीआर सरकार को बदलना है या नहीं? पिछड़ी जाति के सदस्य को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए या नहीं?'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीआरएस सरकार को हटाने के लिए भाजपा को चुनना होगा। शाह ने अपना आरोप दोहराया कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ बीआरएस और कांग्रेस के बीच केसीआर को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए एक सौदा हुआ है और केसीआर बाद में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनने में मदद करेंगे।

शाह ने कहा, ''मैं आपको बताना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री का पद खाली नहीं है। 2024 में भी नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में जीते कांग्रेस विधायक बीआरएस में शामिल हो गए। उन्होंने आरोप लगाया, ''कांग्रेस के लिए वोट का मतलब बीआरएस और भ्रष्टाचार के लिए वोट है।''

## सहयोगियों से बातचीत के बाद तय किया जाएगा लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे का फार्मूला : फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे का फार्मूला सहयोगियों के साथ बातचीत के बाद तय किया जाएगा। फडणवीस ने कुछ दिन पहले जोर देकर कहा था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से 26 पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सहयोगी दलों को सीट-बंटवारे का फॉर्मूला तय करते हुए इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि जिस सीट पर किसी पार्टी को पूर्व में जीत हासिल हुई थी उसपर वही पार्टी अपना उम्मीदवार उतारे।

महायुति गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अजित पवार के गुट वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल है। आम चुनाव में महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 26 पर भाजपा के लड़ने की उनकी टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने संवाददाताओं को बताया, 'सहयोगियों के साथ चर्चा अभी शुरू होनी बाकी है और विचार-विमर्श के बाद ही फार्मूला तय किया जाएगा। फार्मूले का यह आधार होगा कि जिस सीट पर जिस पार्टी ने जीत हासिल की थी उसे वही सीट दी जानी चाहिए।'

फडणवीस ने कहा कि सीट बंटवारे का फार्मूला स्थिर नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'हम जरूरत के हिसाब से बदलाव करेंगे और सहयोगी दलों के साथ चर्चा करेंगे।'

भाजपा और शिवसेना (विभाजन से पहले) ने 2019 चुनाव में महाराष्ट्र की 41 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था और क्रमश 23 और 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी।




## अमेजन इंडिया ने सीखने में अक्षम लोगों की प्रतिभा निखारने को शुरू किया कार्यक्रम

**मुंबई/भाषा।** अमेजन इंडिया ने पढ़ने-लिखने में अक्षम प्रतिभाशाली लोगों के लिए 'ऑरोरा' नामक एक कार्यक्रम शुरू करने की सोमवार को घोषणा की। इस कार्यक्रम के तहत इन लोगों की प्रतिभा को निखारा जाएगा और उन्हें रोजगार प्रदान किया जाएगा।

अमेजन इंडिया के एक बयान के अनुसार ई-कॉमर्स कंपनी ने मुंबई स्थित गैर-लाभकारी संगठन सोल एआरसी के साथ शुरुआती स्तर पर इस कार्यक्रम को पेश किया। इसके जरिए कंपनी के मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर, चेन्नई, हैदराबाद 'डिलिवरी' स्टेशन में युवाओं की तैनाती की जाएगी। कार्यक्रम 'ऑरोरा' में इन ऐसे लोगों को रोजगार मुहैया कराए जाने के अलावा आधारभूत कार्य तथा समर्थन तंत्र के निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## ईसी ने तेलंगाना सरकार को रायथु बंधु योजना की किस्त जारी करने से रोका, बीआरएस बरसी कांग्रेस पर

**नई दिल्ली/भाषा।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को रायथु बंधु योजना के तहत रबी फसलों के लिए किसानों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता की किस्त बांटने के लिए तेलंगाना सरकार को दी गयी अनुमति वापस ले ली। आयोग ने राज्य के वित्त मंत्री टी. हरीश राव द्वारा इसे लेकर सार्वजनिक घोषणा करने के बाद यह फैसला लिया क्योंकि यह आचार संहिता का उल्लंघन है। निर्वाचन आयोग ने राज्य में भारत राष्ट्र समिति की सरकार को कुछ आधार पर आचार संहिता की अवधि के दौरान रबी फसलों के लिए किसानों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता की किस्त का भुगतान करने की मंजूरी दी थी। सरकार को आचार संहिता के दौरान इसे लेकर प्रचार नहीं करने के लिए भी कहा गया था। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमति वापस लेने पर बीआरएस की आलोचना की और आरोप लगाया कि यह के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के नेतृत्व वाली पार्टी के गैर-जिम्मेदाराना और संकीर्ण दृष्टिकोण का परिणाम है। कांग्रेस के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने कहा कि मुखिया केसीआर के निर्देशों के तहत बीआरएस व (मंत्री) हरीश राव के गैर-जिम्मेदाराना और संकीर्ण स्वार्थी दृष्टिकोण के कारण चुनाव आयोग ने रायथु बंधु किस्तों के वितरण की अनुमति देने से इंकार कर दिया।

# कई उद्यमी गढ़चिरौली में कारखाने लगाने को उत्सुकः मुख्यमंत्री शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कहा कि कई उद्यमी कभी वामपंथी उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित रहे गढ़चिरौली में संयंत्र स्थापित करने के लिए उत्सुक हैं।

अपने मार्गदर्शक अनंत दिघे पर एक फिल्म के मुहूर्त के मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि एक औद्योगिक घराने ने गढ़चिरौली में एक कौशल विकास केंद्र स्थापित किया है और यह रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए लगभग 5,000 लोगों को प्रशिक्षित करेगा।

सूरजगढ़ खदान परियोजना में लगभग 10,000 लोग कार्यरत हैं और उनकी सरकार को एक इस्पात संयंत्र स्थापित करने का अनुरोध मिला है जो कम से कम 20,000 लोगों को रोजगार देगा।

शिंदे ने कहा, कम से कम 10 से 12 उद्योगपति गढ़चिरौली में संयंत्र लगाने को इच्छुक हैं। ये योजनाएं प्रक्रिया में हैं।

मुख्यमंत्री ने विदर्भ के सबसे बड़े शहर और नासिक के बीच चालू मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेस-वे का जिक्र करते हुए कहा कि मार्ग को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 50 लाख से अधिक वाहन इस मार्ग से गुजर चुके हैं।

## भाजपा सत्ता में आई तो हैदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर कर देंगेः जी किशन रेड्डी



**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो हैदराबाद का नाम बदलकर 'भाग्यनगर' कर दिया जाएगा।

रेड्डी ने कहा, ''भाजपा सरकार तेलंगाना में सत्ता में आई तो हैदराबाद का नाम बदल दिया जाएगा। मैं पूछता हूं कि हैदर कौन है? क्या हैदर नाम की जरूरत है? हैदर कहां से आया? किसे हैदर की जरूरत है। भाजपा सत्ता में आई तो निश्चित रूप से हैदर नाम हटाकर शहर का नाम भाग्यनगर कर दिया जाएगा।'' रेड्डी ने कहा कि मद्रास का नाम बदलकर चेन्नई भाजपा ने नहीं बल्कि द्रमुक सरकार ने किया। जब मद्रास का नाम चेन्नई, बंबई का नाम मुंबई, कलकत्ता का नाम कोलकाता और राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया गया है तो हैदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर करने में क्या परेशानी है?

## एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार को विधानसभा में बहुमत का समर्थन प्राप्त हैः नार्वेकर

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सोमवार को कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार स्थिर है और राज्य विधानमंडल के निचले सदन में उसे बहुमत का समर्थन प्राप्त है।

नार्वेकर ने यह भी कहा कि वह शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दायर अयोग्यता याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्णय लेंगे।

यहां से लगभग 500 किमी दूर सिंधुदुर्ग जिले में मीडियाकर्मियों से बातचीत में उन्होंने शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) सरकार की स्थिरता पर सवाल उठाने वाले बयान देने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार के पास सत्ता का जादुई आंकड़ा मौजूद है।

सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के अस्थिर होने के राउत के दावे के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर नार्वेकर ने कहा, कोई सरकार तभी गिरती है जब वह विधानसभा में आंकड़ों के खेल में विफल हो जाती है, न कि सार्वजनिक रूप से की गई टिप्पणियों के कारण। राज्य सरकार के पास जादुई आंकड़ा (145 से अधिक विधायकों का समर्थन) मौजूद है। लोगों को ऐसी टिप्पणियां नहीं करनी चाहिए। महाराष्ट्र विधानसभा में सदस्यों की संख्या 288 है और सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी या गठबंधन को कम से कम 145 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता होती है।



# पंजाब में बुजुर्गों के लिए निशुल्क तीर्थयात्रा योजना की शुरूआत की गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**धुरी (पंजाब)/भाषा।** गुरु नानक देव की जयंती पर पंजाब सरकार ने सोमवार को 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना' की शुरूआत की, जिसके तहत राज्य के बुजुर्गों को ट्रेन और बसों के जरिए निशुल्क तीर्थयात्रा पर भेजा जाएगा।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ योजना की शुरूआत करने वाले कार्यक्रम में शिरकत की। केजरीवाल ने इस मौके पर कहा कि तीर्थयात्रा का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा, आज एक पवित्र दिन है। गुरु नानक देव की जयंती है। आज के दिन, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि बुजुर्गों के लिए पंजाब में मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना की शुरूआत की गई है।'' श्रद्धालुओं को लेकर पहली ट्रेन अमृतसर से महाराष्ट्र के हजूर साहिब के लिए रवाना हुई। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि इस ट्रेन में अमृतसर के करीब 300 तीर्थयात्री, जालंधर के 200 और धुरी के 500 तीर्थयात्री थे। इस योजना के तहत, लोग ट्रेन और बसों से नांदेड़ में हजूर साहिब, पटना साहिब, आनंदपुर साहिब, तलवंडी साबो, माता नैना देवी मंदिर, चिंतपूर्णी जैसे धार्मिक स्थलों की निशुल्क यात्रा कर सकेंगे। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में आप सरकार ने कुछ साल पूर्व सबसे पहले तीर्थयात्रा योजना की शुरूआत की थी और अब तक 80,000 लोग विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा कर चुके हैं।

पंजाब मंत्रिमंडल ने छह नवंबर को 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा' योजना को मंजूरी दी थी। राज्य सरकार ने इसके लिए 40 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

## रेमंड के सुचारू संचालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्धः चेयरमैन सिंघानिया



**नई दिल्ली/भाषा।** पारिवारिक विवाद में फंसे रेमंड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गौतम सिंघानिया ने अपने कर्मचारियों और निदेशक मंडल को कामकाज सामान्य ढंग से चलने का आश्वासन देते हुए कहा है कि वह इसके सुचारू संचालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। कुछ दिनों पहले पत्नी नवाज से अलग होने की घोषणा करने वाले जाने-माने उद्यमी सिंघानिया ने रेमंड के निदेशक मंडल के सदस्यों और कर्मचारियों को भेजे गए एक आंतरिक ईमेल में अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने ईमेल में कहा है कि उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के बारे में आ रही मीडिया रिपोर्टों पर टिप्पणी नहीं करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, अपने परिवार की गरिमा बनाए रखना मेरे लिए सबसे ऊपर है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रेमंड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के तौर पर वह कंपनी के सुचारू संचालन और इसके कारोबार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, इस मुश्किल दौर में भी मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि रेमंड के भीतर सामान्य ढंग से ही कामकाज चल रहा है। सिंघानिया ने कारोबार के मोर्चे पर रेमंड के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा है कि पिछली तिमाही कंपनी के इतिहास में सबसे अच्छी रही है। उन्होंने कहा, मैं अपने सभी शेयरधारकों के लिए मूल्य निर्माण और वितरण के साथ अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और अन्य हितधारकों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध हूं। इस बारे में संपर्क किए जाने पर रेमंड के एक प्रवक्ता ने कहा कि सिंघानिया ने यह ईमेल कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्यों और कर्मचारियों को आंतरिक स्तर पर भेजा है।

# नानक जयंती पर पंजाब व हरियाणा के गुरुद्वारों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 554वीं जयंती के मौके पर सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में स्थित गुरुद्वारों में पहुंचे।

अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर), कपूरथला में सुल्तानपुर लोधी और हरियाणा के पंचकूला में नाडा साहिब सहित कई स्थानों पर श्रद्धालु गुरुद्वारों में पहुंचे। पंजाब के अमृतसर, लुधियाना, जालंधर, बठिंडा, मोहाली, आनंदपुर साहिब और पटियाला के गुरुद्वारों में विभिन्न आस्था के लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। गुरुपर्व के मौके पर धार्मिक उत्साह के साथ अमृतसर के स्वर्ण मंदिर समेत अन्य स्थानों पर स्थित गुरुद्वारों को सजाया गया है। हरियाणा में, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, अंबाला, सिरसा, करनाल, यमुनानगर और सिरसा के गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पंचकूला में नाडा साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका। दोनों राज्यों की साझी राजधानी चंडीगढ़ में भी इस मौके पर गुरुद्वारों में लोगों की भीड़ देखी गई। पंजाब और हरियाणा के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।

## उत्तराखंड सुरंग के निर्माण से हमारा कोई संबंध नहीं : अडाणी समूह



**नई दिल्ली/भाषा।** उद्योगपति गौतम अडाणी के समूह ने सोमवार को कहा कि उत्तराखंड की सिलक्यारा सुरंग के निर्माण में उनकी कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी नहीं है। सुरंग का एक हिस्सा ढहने के बाद से 41 मजदूर उसमें अभी तक फंसे हुए हैं। अडाणी समूह के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा कि सुरंग के निर्माण में शामिल कंपनी में समूह का कोई स्वामित्व या हिस्सेदारी नहीं है।

उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया के एक हिस्से में सिलक्यारा सुरंग के निर्माण में अडाणी समूह के शामिल होने का संदेह जताया गया है। प्रवक्ता ने कहा, ''हम स्पष्ट करते हैं कि अडाणी समूह या उसकी किसी अनुषंगी कंपनी की सुरंग के निर्माण में किसी भी प्रकार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भागीदारी नहीं है। हम यह भी स्पष्ट करते हैं कि सुरंग के निर्माण में शामिल कंपनी में हमारी कोई हिस्सेदारी नहीं है।'' यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन रही सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था। इससे उसमें काम कर रहे 41 मजदूर फंस गए। उन्हें बाहर निकालने के लिए युद्ध स्तर पर कई एजेंसियां बचाव अभियान चला रही हैं। अडाणी समूह ने उसका नाम इस हादसे से जोड़े जाने की कड़ी निंदा की और कहा, ''इस समय हमारी संवेदनाएं फंसे हुए मजदूरों तथा उनके परिवारों के साथ हैं।''

## टाटा मोटर्स जनवरी से बढ़ा सकती है अपने वाहनों के दाम

**नई दिल्ली/भाषा।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स अपने यात्री और इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों में अगले साल जनवरी से बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है। हालांकि कंपनी ने यह नहीं बताया कि वाहनों के दाम में कितनी वृद्धि की जाएगी। टाटा मोटर्स के एक प्रवक्ता ने सोमवार को कहा, ''हम अगले साल जनवरी से अपने यात्री और इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। किन वाहनों के दाम कितने बढ़ेंगे, इसकी घोषणा अगले कुछ सप्ताह में की जाएगी।'' टाटा मोटर्स के वाहनों में हैचबैक कार टियागो से लेकर एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) सफारी तक शामिल हैं। इनकी कीमत 5.6 लाख रुपये से लेकर 25.94 लाख के बीच है। इसके साथ ही कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया और ऑडी जैसी कंपनियों में शामिल हो गयी है, जिसने अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की योजना बनायी है।

# केरल के प्रति केंद्र की उपेक्षा के बारे में जनता को गुमराह कर रहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण : विजयन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मलप्पुरम (केरल)/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस दक्षिणी राज्य के प्रति केंद्र की कथित उपेक्षा के बारे में जनता को गुमराह करने का केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर सोमवार को आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ने रविवार को सीतारमण के उस दावे को लेकर जनता को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाया, जिसमें वित्त मंत्री ने केंद्र द्वारा केरल को जरूरी निधि का समय पर आवंटन करने की बात कही थी।

विजयन ने सोमवार को केंद्र की विभिन्न आर्थिक नीतियों के फैसले के संदर्भ में कहा कि केरल को लगातार नुकसान पहुंचाने वाले कदम उठाने के बाद केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार के कार्यों को लेकर झूठ फैलाने का प्रयास किया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की उधार लेने की क्षमता में कटौती करने के अलावा केंद्र सरकार ने माल एवं सेवा (जीएसटी) मुआवजा को भी समाप्त कर दिया, जबकि राज्य सरकार इसे कुछ और वर्ष जारी रखने का अनुरोध कर रही थी। उन्होंने आरोप लगाया, 'केंद्र सरकार आर्थिक रूप से केरल का गला घोंट रही है और जब जनता उसके खिलाफ बोल रही है तो केंद्र सरकार झूठ फैला रही है तथा हमारे राज्य की जरूरतों को छिपा रही है।'

यहां तिरूर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए विजयन ने कहा कि कोविड महामारी, केरल में 2018 एवं 2019 में आई बाढ़ और देश में अपर्याप्त आर्थिक वृद्धि के मद्देनजर कई राज्यों ने जीएसटी मुआवजा जारी रखने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि लेकिन वित्त मंत्री ने केंद्र को जीएसटी के आंकड़े राज्य सरकार द्वारा कथित तौर पर नहीं सौंपे जाने का जिम्मेदार ठहराकर मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश की।

## तमिलनाडु में पांच जिलाधिकारियों को ईडी का समन, उच्च न्यायालय का मंगलवार को आएगा आदेश

**चेन्नई/भाषा।** मद्रास उच्च न्यायालय तमिलनाडु में कथित अवैध रेत खनन की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी समन को चुनौती देने संबंधी राज्य सरकार और पांच जिलाधिकारियों की याचिका पर मंगलवार को आदेश जारी करेगा।

न्यायमूर्ति एस एस सुदंर और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने अरियालुर, वेल्लोर, तंजौर, करूर और तिरूचिरापल्ली के जिलाधिकारियों की ओर से राज्य के लोक विभाग सचिव के. नंदकुमार की ओर से दायर याचिका पर आदेश सोमवार को 28 नवंबर के लिए सुरक्षित रख लिया। याचिका में, ईडी द्वारा जारी समन को रद्द करने का अनुरोध किया गया है।

समन में, ईडी ने इन जिलाधिकारियों को अपने-अपने जिलों में रेत खनन के आंकड़ों के साथ विभिन्न तारीखों पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने को कहा है।

पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे और ईडी की ओर से उपस्थित हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एआरएल सुंदरसन की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया।

नंदकुमार ने अदालत में दायर की गई याचिका में दलील दी है कि जांच की आड़ में ईडी ने विभिन्न जिलाधिकारियों को समन जारी कर उनके जिलों में रेत खनन पर जानकारी मांगी है।

ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कथित तौर पर जांच करने के लिए उन्हें विभिन्न तारीखों पर एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

# स्टालिन ने चेन्नई में वी. पी. सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया, राष्ट्रव्यापी जाति गणना की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोमवार को चेन्नई में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री वी. पी. सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया और कहा कि 'सामाजिक न्याय के संरक्षक' को सम्मान देना सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक) का कर्तव्य है।

स्टालिन ने केंद्र से 'विलंबित' राष्ट्रीय जनगणना के साथ ही जाति गणना भी कराने की मांग की ताकि आबादी के अनुपात के आधार पर पात्र समुदायों के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश सिंह का मातृ राज्य था तो तमिलनाडु उनका 'पितृ राज्य' था।

स्टालिन ने शहर के प्रेसीडेंसी कॉलेज परिसर में स्थापित की गई पूर्व प्रधानमंत्री की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने इस साल अप्रैल में तमिलनाडु विधानसभा में इस बाबत घोषणा की थी।

स्टालिन ने समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर सिंह के परिजन भी मौजूद रहे।

अनावरण के बाद स्टालिन, यादव और अन्य लोगों ने सिंह की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की।

बाद में, इस मौके पर एक जन सभा को संबोधित करते हुए, सत्तारूढ़ द्रमुक के अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि वह कॉलेज परिसर में सामाजिक न्याय के संरक्षक की प्रतिमा स्थापित करना अपना कर्तव्य मानते हैं ताकि सिंह के जीवन और उपलब्धियों से सब लोग सीख सकें। उन्होंने कहा, उनका इतिहास विद्यार्थियों को बताया जाना चाहिए। इसलिए हमने एक कॉलेज में उनकी प्रतिमा लगवाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रतिमा मरीना तट पर द्रमुक के दिवंगत अध्यक्ष एम करुणानिधि के स्मारक के पास स्थित है।

स्टालिन ने कहा कि वह सिंह से केवल दो बार मिले थे और पूर्व प्रधानमंत्री ने 1988 में चेन्नई में उनके द्वारा निकाले गए विशाल जुलूस के लिए उनकी सराहना की थी। उन्होंने समारोह में भाग लेने के लिए सिंह के परिवार, उनकी पत्नी सीता कुमारी, बेटे अजय सिंह और अन्य लोगों की सराहना की।

स्टालिन ने कहा, मैं आपको वीपी सिंह के परिवार के रूप में नहीं पुकारना चाहता हूं... हम भी वीपी सिंह के परिवार का हिस्सा हैं। हम सिंह की प्रतिमा स्थापित करके उनके प्रति अपना आभार व्यक्त कर रहे हैं, जिन्होंने मंडल आयोग की सिफारिश को दृढ़ता से लागू किया।

अजय सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रतिमा के अनावरण से 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में एक स्पष्ट संदेश गया है।

स्टालिन ने अप्रैल में घोषणा की थी कि तमिलनाडु सरकार सिंह की एक प्रतिमा स्थापित करेगी। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री ने बी.पी. मंडल आयोग की सिफारिश के आधार पर केंद्र सरकार की नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था।

तमिलनाडु में जाति आधारित आरक्षण 69 फीसदी है।

मुख्यमंत्री ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण नीति के उचित कार्यान्वयन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आरक्षण नीति के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक सर्वदलीय सांसद समिति का गठन किया जाना चाहिए।

केंद्र सरकार, उसके तहत आने वाले संस्थानों और यहां तक कि न्यायापालिका में ओबीसी के 'अपर्याप्त प्रतिनिधित्व' की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च जाति के लोग केंद्र सरकार में पदों पर आसीन हैं और ओबीसी, एससी/एसटी और अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व कम है।

उन्होंने कहा, न्यायपालिका में भी स्थिति बहुत गंभीर है। पिछड़े और वंचित वर्गों का प्रतिनिधित्व निर्धारित मानक से बहुत कम है।

उन्होंने सिंह की चुनाव सुधार, किसानों के मुद्दों का समाधान करने के लिए समिति बनाने समेत कई अन्य पहल को भी याद किया।

स्टालिन ने कहा कि अंतरराज्यीय नदी जल विवाद पर कावेरी अधिकरण की स्थापना भी सिंह ने की थी।



## राजभाषा उत्सव का हुआ समापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे मुख्यालय में सोमवार को राजभाषा उत्सव-2023 का समापन समारोह हुआ। दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सिंह ने समारोह की अध्यक्षता की। अपर महाप्रबंधक कौशल किशोर विशेष अतिथि थे। प्रधान मुख्य इंजीनियर एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी पी सुरेश ने सबका स्वागत किया और प्रतियोगिताओं के विजेताओं और शील्ड प्राप्त करने वाले विभागों को बधाइयां दीं।

हिंदी में काम करने की जिम्मेदारी का उल्लेख करते हुए अध्यक्ष ने शील्ड और पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी विभागों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाइयां दीं और विश्वास व्यक्त किया कि इसी तरह सबका सहयोग मिलता रहेगा और दक्षिण रेलवे राजभाषा के क्षेत्र में सदैव अपना परचम लहराता रहेगा।

उन्होंने कवि सुब्रह्मण्य भारती एवं सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की कृतियों की तुलनात्मक विवेचन में निकाले गए सहायक साहित्य 'भाषाएं अनेक - भाव एक' का विमोचन किया। वर्ष 2022 के दौरान राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शील्ड प्राप्त करने वाले विभागों के विभाग प्रमुख प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त जीएम ईश्वर राव, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक एन श्रीकुमार, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. एम रवींद्रन ने शील्ड प्राप्त कीं।

राजभाषा हिंदी के प्रति अभिरुचि बढ़ाने के लिए आयोजित राजभाषा स्वचिंतन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों को प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। इनके अलावा राजभाषा उत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजभाषा अधिकारी ए श्रीनिवासन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने नया कार्यालय खोला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयंबटूर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कोयंबटूर में नया क्षेत्रीय कार्यालय खोला है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बैंक के एमडी व सीईओ एएस राजीव थे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक, कोयंबटूर शिबू जैकब, चेन्नई क्षेत्र प्रबंधक नागेंद्र गौड़, कोयंबटूर क्षेत्र डीजेडएम राजू भी मौजूद थे। बताया गया कि बैंक के अब देशभर में कुल 46 जोन हैं। नया खुला कार्यालय शिवानंद कॉलोनी में राजू नायडू रोड के एसएमटी टावर्स में है।

मीडिया को संबोधित करते हुए राजीव ने बताया कि शहर में एमएसएमई ऋण, खुदरा ऋण और किसी भी प्रकार के निर्यात ऋण के लिए काफी संभावनाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी शहर तिरुपुर में भी कारोबार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पहले बैंक महाराष्ट्र और गुजरात में केंद्रित था। अब इसने महाराष्ट्र के बाहर पिछले चार वर्षों में लगभग 650 शाखाएं खोली हैं। शिबू जैकब ने कहा कि मार्च 2024 तक कोयंबटूर क्षेत्र में शाखाओं की संख्या बढ़ाकर 43 करना चाहते हैं। उन्होंने कहा साल 2025 तक 60 शाखाओं के साथ 10,000 करोड़ रुपए का लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर बैंक की 2360 शाखाएं हैं और इसका कारोबार 4.25 लाख करोड़ रुपए है। बैंक 31 मार्च, 2024 तक 150 और शाखाएं खोलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक की विकास दर पिछले साल लगभग 25 प्रतिशत थी और इस साल भी उसकी योजना वही हासिल करने की है। उन्होंने कहा कि कोयंबटूर क्षेत्र की वृद्धि आज की तारीख में लगभग 20 प्रतिशत है और मार्च 2024 तक शत प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य है। शिबू जैकब ने आगे कहा कि उनका उद्देश्य है कि बैंक और ग्राहक एक साथ आगे बढ़ें।

## जातीय और धार्मिक भेदभाव के प्रभुत्व वाले समाज में लेखक को चुनौतियां मिलती रहेंगी : पेरूमल मुरुगन


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अपने उपन्यासों में सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने वाले प्रसिद्ध तमिल साहित्यकार पेरूमल मुरुगन का कहना है कि वह विभिन्न लेखन शैलियों के साथ प्रयोग करके सामाजिक विवादों और बतौर लेखक उनके सामने पेश आने वाली चुनौतियों से निपटने का प्रयास करते हैं जो कि उनके अनुसार एक कठिन कार्य है।

'जेसीबी प्राइज फॉर लिटरेचर 2023' के विजेता साहित्यकार पेरूमल का कहना है कि जातीय और धार्मिक भेदभाव जिस समाज में इतना प्रभुत्व रखते हों, लेखकों को वहां इस चुनौती का मुकाबला करना ही पड़ता है। उन्होंने कहा, ''मैं इन चुनौतियों से सीधा मुकाबला करता हूं और इसमें मुझे उन हथियारों से मदद मिलती है जो भाषा ने मुझे दिए हैं।'' तमिल लेखक पेरूमल मुरुगन को पिछले दिनों उनके उपन्यास 'फायर बर्ड' के लिए साहित्य जगत का प्रतिष्ठित पुरस्कार 'जेसीबी प्राइज फॉर लिटरेचर' प्रदान किया गया था। जननी कन्नन द्वारा तमिल से अनुवादित और 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' द्वारा प्रकाशित उपन्यास विस्थापन के दर्द और लगातार बदलती दुनिया में स्थिरता के लिए मानवीय इच्छा की खोज करता है।

इसी पुरस्कार की पृष्ठभूमि में पेरूमल मुरुगन ने अपनी लेखन यात्रा से जुड़े विभिन्न सवालों को लेकर 'पीटीआई भाषा' को विशेष साक्षात्कार दिया।

1966 में तमिलनाडु के नामक्कल जिले के थिरुचेंगोडुमुरुगन कस्बे में पैदा हुए पेरूमल मुरुगन ने साहित्य की दुनिया में अपने सफर की शुरूआत और प्रेरणा के संबंध में बताया, ''मैंने बहुत कम उम्र में लिखना शुरू कर दिया था। स्कूली दिनों में



दोस्तों और अध्यापकों को प्रभावित करने के लिए कविताएं लिखता था। वहीं से एक कवि के रूप में पहचान मिली। कविताएं मुझे समाधि की अवस्था में ले जाती थीं और उस समाधि की अवस्था में ही मैं लिखता चला गया।''

उनका कहना था, '' मुझे लगता है कि मेरे भीतर जो खालीपन था, कविताओं ने उस अंधेरे कोने को भर दिया। यही मेरी प्रेरणा भी रही।'' शुरूआती साहित्यिक प्रभावों और प्रिय लेखकों के संबंध में पेरूमल ने कहा कि उनके भीतर पढ़ने की एक भूख थी और उस समय इतनी किताबें उपलब्ध नहीं होती थीं जो उनकी इस भूख को शांत कर सकें इसलिए वह जो कुछ भी हाथ में आता उसे पढ़ डालते थे।

उनका कहना था, ''मैंने जो कुछ भी पढ़ा, वह मेरे जीवन के साथ स्थायी रूप से जुड़ गया। तमिल साहित्य में उस काल खंड में आर. षणमुगसुंदरम एक प्रमुख हस्ती थे। उनका रचनात्मक लेखन मेरी स्मृतियों के साथ एकीकृत होता है। उनके उपन्यासों में उसी जीवन की प्रतिध्वनि थी जो मेरे पुरखों ने जीया था। उनका मेरे जीवन पर स्थायी प्रभाव पड़ा।'' मुरुगन के उपन्यास 'पुक्कुली' का अनिरुद्धन वासुदेवन ने 'पायरी' शीर्षक से अंग्रेजी में अनुवाद किया है और यह उपन्यास अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2023 की 'लॉन्ग लिस्ट' में शामिल किया गया था। उनकी रचनात्मक दिनचर्या के बारे में बात की जाए जो मुरुगन को सुबह का समय बहुत पसंद है वह कहते हैं कि इस समय दिमाग एक आलौकिक अवस्था में होता है, हर किसी नई चीज के स्वागत के लिए उसकी खिड़कियां खुली रहती हैं इसलिए उन्हें सुबह छह से नौ बजे के बीच लिखना पसंद है। उन्होंने बताया, ''लेखन को लेकर मैंने अपने लिए बहुत सख्त नियम नहीं बनाए हैं। चारदीवारी के भीतर बैठकर मैं नहीं लिख सकता। इसके बजाय मैं छत पर जाकर पेड़ों की हरियाली और पक्षियों के कलरव के बीच लिखता हूं। पीछे लैपटाप पर संगीत बजता रहता है।''

मुरुगन का 2010 में प्रकाशित उपन्यास 'मधुरोभगन' हो, 'पूनाची' (2016) हो, 'पुक्कुझी' (पायरी), या कन्या भ्रूण हत्या और लिंगानुपात में गिरावट पर केंद्रित 'कंगनम' (रिज़ॉल्व, 2008) हो- सभी कथानक में ग्रामीण भारत का सामाजिक सांस्कृतिक ताना बाना आधार बना है।







## बेंगलूरु के यशवंतपुर को विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है: वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि बेंगलूरु में यशवंतपुर रेलवे स्टेशन को 377 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

वैष्णव ने कार्य की समीक्षा के बाद संवाददाताओं से कहा कि रेलवे स्टेशन की छत पर प्लाजा होगा जिसमें बच्चों के खेलने और उत्पादों की बिक्री का स्थान होगा।

रेल मंत्री ने इसे देश के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में से एक बताते हुए कहा कि यह स्टेशन बेंगलूरु (सिटी स्टेशन), हसन, तुमकुरु, हुबली-धारवाड़ और दिल्ली से आने वाली ट्रेनों का यातायात संभालेगा।

उन्होंने कहा कि यशवंतपुर में एक बड़ा पुनर्विकास कार्य शुरू किया गया है जहां इसे विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने के लिए 377 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है।

वैष्णव ने कहा,'स्टेशन के दोनों भागों को जोड़ दिया जाएगा। दोनों तरफ से प्रवेश हो सकेगा और इसकी छत पर एक प्लाजा होगा। इस चौड़े और बड़े प्लाजा पर लोग आराम कर सकते हैं, बच्चे खेल सकते हैं, स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया और बेचा जा सकता है। जैसा हमने दुनियाभर में देखा है, उसी तरह के रेलवे स्टेशन के रूप में यशवंतपुर को विकसित किया जा रहा है।'

रेल मंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शहर के दोनों किनारों को रेलवे स्टेशन के माध्यम से जोड़ने का सपना साकार हो रहा है।

उन्होंने रेलवे दल को सोमवार को यह भी सूचित किया था कि यह स्टेशन आने वाले 20-30 वर्षों में भारी यातायात को संभालेगा क्योंकि इससे उपनगरीय, मुख्य रेलवे लाइन और मेट्रो जुड़ रही हैं।

वैष्णव ने कहा, आने वाले वर्षों में अतिरिक्त यातायात को संभालने के लिए हमें जमीन उपलब्ध रखनी चाहिए। अगर कहीं एक मीटर भी जमीन उपलब्ध हैं तो उसे भविष्य में विस्तार के लिए खाली रखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जहां भी संभव हो रेलवे को 'मास्टर प्लान' इस तरह से बनाने के प्रयास करना चाहिए जिससे वर्तमान में विस्तार हो सके।

# चुनाव के बाद कांग्रेस और भाजपा दोनों ही कर रही हैं जीत का दावा

**अब जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के साथ चल पड़ी है और उसने मोदी और कमल पर विश्वास किया है। कमल पर यही विश्वास वर्ष 2019 में देखने को मिला था जब लोग घर से चलकर मतदान केन्द्र पर अपना वोट देने पहुंचे और वैसा ही विश्वास इस चुनाव में भी दिखा है।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के मतदान के बाद अब प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों ही दल अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा करते हुए मीडिया से कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस स्पष्ट बहुमत के साथ फिर सत्ता में आ रही हैं। इसी तरह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने भी दावा किया है कि भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ यह चुनाव जीतेगी। उन्होंने सोमवार को यहां मीडिया से कहा कि इस चुनाव में भाजपा को जनता का विश्वास एवं जोरदार समर्थन मिला है। जोशी ने कहा कि अब जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के साथ चल पड़ी है और उसने मोदी और कमल पर विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि कमल पर यही विश्वास वर्ष 2019 में देखने को मिला था जब लोग घर से चलकर मतदान केन्द्र पर अपना वोट देने पहुंचे और वैसा ही विश्वास इस चुनाव में भी दिखा है। उन्होंने कहा कि इस बार ऐतिहासिक मतदान कई वर्षों बाद हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस ने कई तरीके एवं हथकंडे के प्रयास किए और अंतिम समय तक कई फर्जी आईडी भी बनाई गई लेकिन इस बार जनता ने भाजपा के पक्ष में और कांग्रेस की विदाई का मन बना लिया था।

उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता ने कमल के निशान और भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर विश्वास जताया है और किसान कर्ज माफ नहीं करने, पेपरलीक लीक और महिलाओं की सुरक्षा नहीं करने के प्रति लोगों ने गुस्सा भी जताया है। उन्होंने कहा कि मोदीजी ने जो कहा, वह करके दिखाया हैं जबकि वादाखिलाफी करने वालों को राजस्थान की जनता कभी माफ नहीं करेगी। इसी तरह भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने भाजपा की प्रचंड जीत का दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत है कि इस बार इतना प्रतिशत में मतदान हुआ। इससे भाजपा प्रदेश में प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही हैं।

उन्होंने कहा कि इस चुनाव प्रचार में मोदी की सभाओं के बाद भाजपा के पक्ष में माहौल बना और जनता भाजपा के साथ खड़ी रही। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा के पक्ष में मतदान करने को उत्सक थे और कांग्रेस के पक्ष में निराशा थी, इसलिए यह ऐतहासिक मतदान हुआ। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा भारी बहुमत के साथ चुनाव जीत रही है।



## पूनिया ने पूर्व विधायक कैलाश भंसाली को श्रद्धांजलि अर्पित की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उपनेता प्रतिपक्ष डा सतीश पूनिया ने पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता कैलाश भंसाली को सोमवार को यहां उनके निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की। डा पूनिया ने भंसाली के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को ढांढस बंधाया।

इसके बाद डा पूनिया जोधपुर एम्स अस्पताल पहुंचकर पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं विधायक सूर्यकांता व्यास से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। उन्होंन ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



## पुष्कर में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने पंचतीर्थ स्नान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में आज कार्तिक मास की पावन पूर्णिमा पर महास्नान के साथ ही पंचतीर्थ स्नान एवं धार्मिक मेला सम्पन्न हो गया। हालांकि पवित्र स्नान का दौर दिन भर चलेगा। पुष्कर के पवित्र सरोवर में कार्तिक स्नान के मौके पर तेज ठंड सर्द हवाओं के बावजूद हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगाई। पवित्र सरोवर के सभी 52 घाटों पर श्रद्धालुओं ने मध्यरात्रि से ही डेरा डालना शुरू कर दिया और मध्य रात्रि बाद से ब्रह्म मुहूर्त में धार्मिक स्नान किया।

सुबह होते ही घाटों पर धार्मिक आस्था भारी होने लगी और घाट पर महिला-पुरुषों, बुजुर्गों -युवाओं और बच्चों का जमावड़ा शुरू हो गया।

सभी ने सरोवर की पूजा अर्चना कर मनोकामना की , दानपुण्य किया और ब्रह्माजी के दर्शन कर मेले का आनंद लिया।

पुष्कर मेला मैदान पर भी प्रशासन की ओर से पशु मेला समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिलाक्लकटर डा. भारती दीक्षित ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं पशुपालकों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। पुष्कर मेले में राजस्थानी छटा अपने परम्परागत रंग में नजर आ रही है। मेले का दौर सोमवार शाम सरोवर के मुख्य ब्रह्म घाट पर सरोवर की महाआरती के साथ ही पुष्कर मेला - 2023 विधिवत सम्पन्न हो जायेगा। मेले की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यातायात के लिए ..वन-वे.. की व्यवस्था भी की। तथा सरोवर पर सुरक्षा के लिये गौताखौर तैनात किये।

## राजस्थान में ओलावृष्टि और बारिश से बदला मौसम, बिजली गिरने से लड़की की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । राजस्थान में बारिश होने के कारण मौसम का मिजाज बदल गया। आज बाड़मेर, जालोर और जैसलमेर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ ओले गिरे। इसके अलावा जोधपुर, बांसवाड़ा, पाली, हनुमानगढ़, बीकानेर और गंगानगर जिले के कुछ हिस्सों में भी बूंदाबादी हुई। इससे हवा सर्द हो गई। इससे पहले शनिवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम की मार भी देखने को मिली। जालोर के डाबली गांव में बिजली गिरने से 17 साल की लड़की की मौत हो गई। हादसे के समय वह भैंसों को चारा डाल रही थी। इसी दौरान बिजली गिर गई। तीन भैंसें भी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं। वहीं, बाड़मेर के सेड़वा उपखण्ड में बिजली गिरने से दर्जनों बकरियों ने भी दम तोड़ दिया।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार उत्तर भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। साथ ही अरब सागर से एक ट्रफ लाइन भी आ रही है। इसी के कारण मौसम में बदलाव हुआ है। एक-दो दिन में मौसम साफ होने के बाद सर्दी में और इजाफा होगा।

मौसम बदलने के कारण प्रदेश के कुछ जिलों में रात का पारा 15 डिग्री से नीचे चला गया। गंगानगर में रात का पारा 12.2 डिग्री रहा। इसी तरह चित्तौड़गढ़ में 12.8, पिलानी में 12.8, चूरू में 13.2, उदयपुर में 13.8, भीलवाड़ा में 13.8 और बाड़मेर में रात का पारा 14.7 डिग्री रहा।

## राजस्थान से एक बाघ मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में घुसा, चीतों को नहीं कोई खतरा : अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

श्योपुर/जयपुर। राजस्थान से एक बाघ मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में घुस गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। देश में चीतों की आबादी को पुनर्जीवित करने के लिए अफ्रीका से चीतों को लाकर केएनपी में ही रखा गया है। केएनपी के निदेशक उत्तम शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हां, दो से तीन दिन पहले केएनपी के अंदर बाघ के पैरों के निशान पाए गए थे। उन्होंने कहा कि बाघ से चीतों को कोई सीधा खतरा नहीं है क्योंकि उन्हें पार्क में बाड़ों या 'बोमास' में रखा गया है। अधिकारियों ने कहा कि लगभग तीन साल का बाघ, राजस्थान के रणथंभौर बाघ अभयारण्य से संरक्षित जंगल में घुस गया, जो केएनपी से लगभग 100 किलोमीटर दूर है। केएनपी में अब सात नर व इतनी ही मादा चीते और एक शावक हैं।

इस साल फरवरी में दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते केएनपी लाए गए थे। बाद में, पार्क में चार शावकों का जन्म हुआ, जिससे चीतों की संख्या बढ़कर 24 हो गई। अधिकारियों ने पहले कहा था कि मार्च से अब तक तीन शावकों समेत नौ चीतों की मौत हो चुकी है, जबकि 14 चीते और एक शावक स्वस्थ हैं। भारत में 1952 में चीतों को विलुप्त घोषित कर दिया गया था।

## उदयपुर में चुनावी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के उदयपुर जिले के फलासिया थाना क्षेत्र में शनिवार रात को अज्ञात लोगों ने चुनावी रंजिश के चलते एक युवक की पत्थरों से हमला करके हत्या कर दी। थानाधिकारी करणाराम ने सोमवार को बताया कि सोम गांव में शनिवार रात घर लौट रहे कांतिलाल (45) की अज्ञात लोगों ने पत्थरों से हमला कर हत्या कर दी। उसका शव रविवार सुबह सड़क पर पाया गया। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

इस संबंध में रविवार रात अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने मृतक के भाजपा कार्यकर्ता होने से इनकार किया।

## राजस्थान में भाजपा सत्ता में आ रही है : अरूण सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




जयपुर, । भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रबंधन के अनुभव से जुड़े सुझाव भी लिए गए, जिसमें पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने कार्यानुभव से जुड़े विभिन्न सुझाव दिये।

भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि मैने कई राज्यों का चुनावी प्रबंधन देखा है, लेकिन मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि राजस्थान विधानसभा चुनाव का प्रबंधन मजबूत और सुदृढ़ रहा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में पूरी टीम ने सकारात्मक रूख रखते हुए निरंतर काम किया है। सीपी जोशी का सरल व्यवहार और टीम मैनेजमेंट सहित संवाद और समन्वय बेहतर रहा। आवास विकास, मॉनिटरिंग, चुनाव प्रबंधन टीम और मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ के नेतृत्व में मीडिया सेंटर का बेहतर संचालन हुआ। चुनाव के दौरान कांग्रेस की ओर से प्रशासनिक अडंगे लगाए गए, लेकिन भाजपा का मतदाता इतना सजग था कि उसने इन लोगों की एक नहीं चलने दी। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आ रही है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और उनकी टीम ने रात-दिन श्रम किया है। प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा की प्रचंड जीत का भागीदार रहेगा। सुनियोजित प्रबंधन के साथ किया गया कार्य अकल्पनीय है, मैं सभी को सेल्यूट करता हूं। सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने जो सुझाव मौखिक रूप से दिये हैं, इन सभी सुझावों को लिखित रूप से भी प्रस्तुत करना चाहिए। हम सत्ता का सेमीफाईनल जीत रहे हैं और फाईनल अभी शेष है जिसके लिए हम सभी को एकजुट होकर काम करना होगा।

चुनाव प्रबंधन में कार्यकर्ताओं ने रात-दिन निष्ठा से काम किया और कुछ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने तो घर-परिवार को भी त्याग दिया इस कदर मेहनत की है। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के पगफेरे ने राजस्थान के चुनावी समर में जान फूंक दी। आगामी 03 दिसंबर को चुनावी जीत का सेहरा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के बंधना तय है। प्रदेश में सभी कार्यर्ताओं और पदाधिकारियों ने जो मेहनत की है उसके लिए वे सभी प्रशंसा के पात्र है। राजस्थान में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनना तय है।




## राज्यपाल ने गलतापीठ में भगवान श्रीनिवास, श्रीदेवी व भूदेवी के ब्रह्मोत्सव में भाग लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को गलतापीठ में भगवान श्रीनिवास, श्रीदेवी व भूदेवी के ब्रह्मोत्सव में भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर भगवान श्रीनिवास का गुलाब और कमल पुष्प, पत्रों से भाव भरा अभिषेक किया।

राज्यपाल मिश्र ने सुसज्जित पालकियों में विराजमान भगवान श्रीनिवास व भूदेवी-श्रीदेवी का विधि-विधान से वस्त्र, फल, नैवेद्य अर्पण कर आरती करते हुए देश और प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इससे पहले गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य ने वहां पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्तगण उपस्थित रहे।

### हाजिरी



देशनोक के प्रसिद्ध करनी माता के दरबार में सोमवार को केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत धर्मपत्नी के साथ हाज़िरी लगा कर माथा टेका और राज्य व देशवासियों की ख़ुशहाली की कामना की।




## राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना में कांग्रेस जीतेगी : सचिन पायलट

हैदराबाद/जयपुर/दक्षिण भारत। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सोमवार को विश्वास जताया कि उनकी पार्टी राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में पूर्ण बहुमत के साथ विधानसभा चुनाव जीतेगी। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तेलंगाना के लोग 30 नवंबर के चुनाव में कांग्रेस को वोट देंगे। पायलट ने दावा किया, तीन राज्यों- छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहां चुनाव संपन्न हो चुके हैं, कांग्रेस स्पष्ट और पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि तेलंगाना में कांग्रेस की अच्छी सरकार बनेगी और घोषणापत्र में किए गए वादे (छह गारंटी के साथ) समयसीमा में लागू किए जाएंगे। पायलट ने कहा, हम यहां (तेलंगाना) एक पारदर्शी और संवेदनशील सरकार चलाएंगे। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस बहुत आगे है और लोग तेलंगाना में पार्टी को भारी बहुमत का आशीर्वाद देंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, राहुल गांधी, प्रियंका और मल्लिकार्जुन खरगे (चुनाव प्रचार के दौरान) जो कह रहे हैं, उस पर लोग भरोसा करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद तेलंगाना के मुख्यमंत्री (के. चंद्रशेखर राव), मंत्रियों और सत्तारूढ़ दल के नेताओं के पास राज्य में विकास के मामले में गर्व करने के लिए कुछ भी नहीं है। पायलट ने कहा कि (बीआरएस सरकार के खिलाफ) भ्रष्टाचार के आरोपों से लोग तंग आ चुके हैं और वे बदलाव चाहते हैं।

## कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलेगा : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को फिर विश्वास जताया कि विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने के बाद अब तीन दिसंबर को होने वाली मतगणना में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं ने प्रचार अभियान में भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया और 'धर्म कार्ड' चलाने की कोशिश की लेकिन लोगों ने उन्हें खारिज कर दिया।

राजस्थान की 200 में से 199 सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''उनके केंद्रीय नेताओं की भाषा तो दंगे भड़काने वाली थी लेकिन जनता ने उनकी परवाह नहीं की। जनता उनके भड़काने में नहीं आई।'' उन्होंने कहा, ''उनका धार्मिक कार्ड चला नहीं... जो उन्होंने चलाने का प्रयास किया जोर शोर से। प्रधानमंत्री नरेन द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने क्या भाषा इस्तेमाल की? ऐसी भाषा को उचित नहीं कह सकते हैं क्योंकि लोगों को भड़काने वाली बातों से चुनाव में तनाव पैदा होता है।''

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के खिलाफ कोई 'सत्ता विरोधी' लहर नहीं है। उन्होंने कहा, ''जमकर वोटिंग हुई है ... मैं समझता हूं कि अंडरकरंट की तरह माहौल बना है राजस्थान में। जो खबरें आ रही हैं.... बाकी तो तीन तारीख को ही मालूम पड़ेगा कि क्या होता है।''

# बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की जरूरत: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पारादीप (ओडिशा)/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि देश में बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने तथा उनकी दक्षता बढ़ाने की जरूरत है। मुर्मू ने यहां पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा आयोजित 'बोइता बंदना' (नाव पूजा) समारोह में यह बात कही। 'बोइता बंदना' ओडिशा में मनाया जाने वाला एक वार्षिक उत्सव है, जो राज्य की प्राचीन समुद्री गौरव गाथा की याद दिलाता है, जिसे पहले 'कलिंग' के नाम से जाना जाता था।

मुर्मू ने कहा कि सरकार का सागरमाला कार्यक्रम बंदरगाह गतिविधियों को मजबूत करने के लिए एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार 'समृद्धि के लिए बंदरगाह' और 'प्रगति के लिए बंदरगाह' के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि समुद्री व्यापार देश के व्यापार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, ''मुझे बताया गया है कि भारत के कुल व्यापार का मात्रा के हिसाब से 95 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 65 प्रतिशत व्यापार समुद्री



परिवहन के माध्यम से होता है।'' उन्होंने कहा कि भारत के बंदरगाहों को वैश्विक मानकों के अनुरूप अधिक दक्षता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। मुर्मू ने कहा, ''इसीलिए भारतीय बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने और उनकी दक्षता बढ़ाने की आवश्यकता है।'' राष्ट्रपति ने कहा कि ऐतिहासिक बालीयात्रा जावा, सुमात्रा और बाली द्वीपों के लिए व्यापारियों की एक प्रतीकात्मक नाव यात्रा है। बालीयात्रा ओडिशा के गौरवशाली अतीत की याद में मनाया जाने वाला एक अनोखा उत्सव है। मुर्मू ने कहा, ''प्राचीन काल से मनाया जाने वाला यह उत्सव ओडिशा के समुद्री व्यापार की समृद्धि का प्रतीक है। यह ओडिशा के लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक चेतना को भी उजागर करता है।'' उन्होंने कहा कि समुद्र भारत के व्यापार, वाणिज्य और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने का एक प्रमुख साधन रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि समुद्र पर आधारित साहित्य ने भी भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया है। मुर्मू ने कहा कि ओडिशा और अन्य तटीय राज्यों में नौसैनिक वाणिज्य की एक लंबी और समृद्ध परंपरा है।

## संविधान दिवस पर आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नोएडा (उप्र)/भाषा।** सोशल मीडिया पर कथित रूप से संविधान के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रविवार को संविधान दिवस पर यह कथित टिप्पणी की थी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया, ''स्थानीय जारचा थाने में आरोपी के खिलाफ रवि कुमार नामक व्यक्ति ने रविवार रात को लिखित में शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी की पहचान भानु उर्फ जयेश के रूप में हुई जो बिसहड़ा गांव का निवासी है। आरोपी को रविवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया।''

अधिकारी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमानित करना) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जारचा के थाना प्रभारी सुनील कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आरोपी बेरोजगार है। कुमार ने बताया, ''आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आरोपी को कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा।''



## प्रयागराज : पूर्णिमा स्नान के साथ कार्तिक मेला संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज (उप्र)/भाषा।** नगर में यमुना तट के बलुआ घाट पर आयोजित कार्तिक मेला पूर्णिमा स्नान के साथ सोमवार को संपन्न हो गया। एक महीने तक चले इस मेले में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यमुना में डुबकी लगाई।

स्नान घाट पर पूजा अनुष्ठान करने वाले तीर्थ पुरोहित विमल कुमार जोशी ने कहा कि कार्तिक मास अकेला ऐसा महीना है जिसमें यमुना नदी में स्नान का विशेष महात्म्य है। इसी महीने देव उठावनी के दिन से सभी मांगलिक कार्य आरंभ हो जाते हैं। प्रयागराज में हर साल कार्तिक मास में लगने वाले इस मेले में गुड़ की बनी जलेबी लोगों का आकर्षण का केंद्र रहती है और स्नान और पूजा के बाद लोग गुड़ की चाशनी में डुबोई जलेबी का आनंद उठाते हैं।

कौशांबी से गुड़ की जलेबी बेचने आए राम भरोसे ने बताया कि कार्तिक मेले में खासकर एकादशी और पूर्णिमा पर ग्राहकों की भारी भीड़ रही और उन्होंने अच्छी दुकानदारी की। मेला समाप्त होने के साथ वह अब अपने गांव वापस लौट जाएंगे। कार्तिक मेला आयोजन समिति के एक पदाधिकारी ने बताया कि इस मेले के आयोजन में जिला प्रशासन और पुलिस का पूर्ण सहयोग रहा। आज शाम उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के साथ मिलकर घाट पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।



## बंगाल: भाजपा समर्थकों ने कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के विरोध में राजमार्ग अवरुद्ध किया

**कोलकाता/भाषा।** भाजपा इकाई के समर्थकों ने पार्टी के एक कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के विरोध में पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के खेजुरी में राज्य राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और रैलियां निकालीं। भाजपा ने 12 घंटे के 'बंद' के आह्वान के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारी ने कहा कि खेजुरी में सड़क से वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए अवरुद्ध हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य राजमार्ग को अवरुद्ध करने के लिए प्रदर्शनकारियों ने मार्ग पर लट्ठे डाल दिए। भाजपा ने खेजुरी में 12 घंटे के 'बंद' का आह्वान किया है और आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं को मनगढ़ंत मामलों में गिरफ्तार किया जा रहा है। प.बंगाल विस में विपक्ष के नेता और पड़ोसी नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी कार्यकर्ता की गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए खेजुरी के मारिशदा पुलिस थाने गए और उसकी तुरंत रिहाई की मांग की।

## 'न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने में चुनौतियां भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस के कौल ने कहा कि न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने में चुनौतियां एक-दूसरे से जुड़ी दुनिया में भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं हैं और वैश्विक दक्षिण सामूहिक ज्ञान का लाभ उठाने, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने सहित एकजुट होकर भौगोलिक सीमाओं से परे नवीन समाधानों का पता लगा सकता है। वैश्विक दक्षिण (साउथ ग्लोबल) शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

कानूनी सहायता तक पहुंच विषय पर राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति कौल ने यह भी कहा कि न्याय की खोज में



कानूनी सहायता के महत्व को बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताया जा सकता क्योंकि यह सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है जो निष्पक्षता, समानता और कानून के शासन के सिद्धांतों को कायम रखती है।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा, एक ऐसी दुनिया में जो तेजी से आपस में जुड़ी हुई है, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने में हमारे सामने आने वाली चुनौतियां भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं हैं। एक साथ आकर हम सामूहिक ज्ञान का लाभ उठा सकते हैं, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर सकते हैं और भौगोलिक सीमाओं से परे नवीन समाधानों का पता लगा सकते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमें अपने लोगों को समझने और उनका बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए अपने कार्यों और दृष्टिकोण को विकसित करना चाहिए।''

नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति कौल ने कहा, ''हर किसी की अच्छे वकील तक पहुंच होनी चाहिए, हमारा ध्यान सभी स्तरों पर विवाद समाधान और प्रभावी शासन तंत्र को सक्षम करने पर है।'' उन्होंने कहा, हम अलग-अलग पृष्ठभूमि और सांस्कृतिक मानदंडों से आते हैं, लेकिन कानूनी सहायता तक पहुंच में आसानी सुनिश्चित करना हमारा एक समान उद्देश्य है। हमारा लक्ष्य इस बात पर आम सहमति बनाना है कि कैसे कानूनी सहायता लोगों की जरूरतों पर केंद्रित हाशिये पर पड़े लोगों के लिए आशा की किरण है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि सम्मेलन वैश्विक दक्षिण के 70 देशों के प्रधान न्यायाधीशों को एक साथ लेकर आया है और यह सबसे प्रभावी प्रथाओं एवं वर्षों के अनुभव से प्राप्त अंतर्दृष्टि के आदान-प्रदान का लाभ उठाने का एक दुर्लभ अवसर है।

## बरेली में महिलाओं का गला घोंटने का सिलसिला जारी, एक और महिला की हत्या

### अब तक नौ महिलाओं ने गंवाई जान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बरेली (उप्र)/भाषा।** बरेली में गला घोंटकर महिलाओं की हत्या करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के शीशगढ़ थाना क्षेत्र में खेत से चारा लेकर लौट रही एक और महिला की कथित तौर पर साड़ी से गला घोंटकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी और कहा कि पांच महीने में महिलाओं की समान तरीके से हत्या करने की यह नौवीं घटना है।

बरेली जिले के शीशगढ़ और शाही आदि थाना क्षेत्रों में पांच माह के भीतर अधेड़ उम्र की महिलाओं की साड़ी और चुनरी से गला घोंटकर हत्या करने की एक के बाद एक करीब नौ घटनाएं सामने आयी हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एक ही प्रवृत्ति की कई घटनाओं को चुनौती के रूप में लेते हुए पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है और मामलों के राजफाश के लिए दो विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस ने बताया कि शीशगढ़ थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी उर्मिला देवी गंगवार (55) रविवार दोपहर ढाई बजे घर से पशुओं का चारा लाने के लिए खेत गई थीं। काफी देर बाद भी जब वह घर नहीं लौटीं तो शाम के वक्त उर्मिला की तलाश शुरू की गयी।

पुलिस ने बताया कि काफी देर तलाश के बाद गांव से 400 मीटर की दूरी पर एक खेत के करीब उनके पति वेद प्रकाश गंगवार को उर्मिला का शव मिला। पुलिस ने बताया कि महिला के गले में साड़ी का फंदा कसा हुआ था और उसकी जीभ बाहर निकली हुई थी तथा उसके सिर के पीछे चोट के निशान थे। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद विधिक कार्यवाही शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शीशगढ़ थाने के गांव लखीमपुर की महमूद कुल्चा गांव की धनवती, सेवा ज्वालापुर निवासी वीरावती, खजुरिया निवासी कुसमा देवी, शाही के मुबारकपुर गांव की शांति देवी, आनंदपुर की प्रेमवती, मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव गुला की रेशमा देवी व शाही के गांव खरसेनी की दुलारी देवी की पांच महीने के भीतर जान जा चुकी है और इनमें से अधिकांश महिलाओं की मौत गला घोंटे जाने के कारण हुई थी।

बरेली परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) डॉक्टर राकेश सिंह ने पूरे घटनाक्रम का संज्ञान लिया है। सिंह ने बताया कि सभी नौ घटनाओं में काफी समानताएं हैं।

## उप्र: तेज आवाज वाले 3238 लाउडस्पीकर धार्मिक स्थलों से उतारे गये

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर अवैध लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध चलाये गये राज्यव्यापी अभियान के तहत सोमवार को तेज आवाज वाले 3238 लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों को सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों से उतारा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने सोमवार को एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि उप्र शासन के निर्देशानुसार लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध 23 नवंबर से 22 दिसंबर तक एक माह का अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों में सुबह पांच बजे से शाम सात बजे तक वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में कार्रवाई की गयी। बयान के अनुसार सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर कुल 61399 लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जांच की गयी जिसमें 7288 लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज कम कराकर मानक के अनुरूप की गयी।

## उप्र : दूसरे की जगह परीक्षा दे रहा 'मुन्ना भाई' गिरफ्तार

**नोएडा/भाषा।** लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) द्वारा आयोजित की गई स्टाफ नर्सिंग की परीक्षा में दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहे एक व्यक्ति को थाना सेक्टर 58 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम नितेश (पुत्र मगनलाल शर्मा) है। उन्होंने बताया कि नितेश, जालान सिंह नामक व्यक्ति की जगह परीक्षा दे रहा था। उन्होंने बताया कि स्टाफ नर्सिंग की परीक्षा कल सेक्टर 62 स्थित इंडस वैली स्कूल में चल रही थी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र के व्यवस्थापक ने नितेश को दूसरे की जगह पेपर देने के आरोप में पकड़कर थाना सेक्टर 58 पुलिस के हवाले किया।

## पटनायक के निकट सहयोगी पांडियन बीजद में शामिल हुए



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निकट सहयोगी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी वी कार्तिकेयन पांडियन सोमवार को औपचारिक रूप से सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) में शामिल हो गए।

पांडियन मुख्यमंत्री के आवास 'नवीन निवास' में बीजद दल में शामिल हुए। वह मुख्यमंत्री, राज्य के अन्य मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ बीजद नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''मैं पांडियन का बीजद में स्वागत करता हूं। वह पार्टी और ओडिशा के लोगों के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करेंगे।'' पटनायक ने एक अन्य बयान में पांडियन के बारे में कहा, ''वह राज्य के लिए कई वर्षों से बहुत मेहनत कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने लोगों का सम्मान कमाया है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।'' पांडियन ने कहा, ''मैं भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के मार्गदर्शन में पार्टी और ओडिशा के लोगों के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करूंगा।''

पार्टी में शामिल होने से पहले पांडियन ने पुरी का दौरा किया और सुबह भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। बीजद नेता एवं पुरी से सांसद पिनाकी मिश्रा ने संवाददाताओं से कहा कि पांडियन ने मुख्यमंत्री के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया और पटनायक ने विश्वास जताया कि पांडियन पार्टी को भी उसी तरह सफलता दिलाएंगे, जैसी सफलता उन्होंने प्रशासन को दिलाई। मिश्रा ने कहा कि पांडियन का प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव पार्टी के लिए बड़ी पूंजी होगी।

## मनरेगा श्रमिकों को वित्तीय सहायता दे रहे हैं टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी अपने बकाये से वंचित करीब 3,000 मनरेगा कार्ड धारकों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बनर्जी ने इस साल नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर टीएमसी के प्रदर्शन में शामिल हुए मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) श्रमिकों को पत्र भेजना शुरू किया है।

भाजपा नेता दिलीप घोष ने इस वित्तीय सहायता को 2024 के लोस चुनाव से पहले 'रिश्वत' करार दिया। तृणमूल कांग्रेस ने बयान में कहा, ''अभिषेक ने अक्टूबर की शुरुआत में नई दिल्ली में टीएमसी के आंदोलन के दौरान वादा किया था कि यदि दो महीनों के अंदर केंद्र ने बकाये का भुगतान नहीं किया तो वह रोजगार कार्ड धारकों को पार्टी से वित्तीय सहायता प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे। रविवार शाम से वह पत्र भेज रहे हैं और वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।'' प्रभावित श्रमिकों को भेजे जा रहे पत्रों में बनर्जी ने कहा है कि आने वाले दिनों में पिछले प्रदर्शन की तुलना में कहीं अधिक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

## भारत 2024 टी20 विश्व कप खिताब का बड़ा दावेदार: शास्त्री

**मुंबई/भाषा।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप खिताब के लिए भारत को बड़ा दावेदार करार देते हुए सोमवार को यहां कहा कि चैम्पियन बनने के लिए इस टीम को आखिरी दो नॉकआउट मैचों में विजेता बनना होगा।



भारतीय टीम को एकदिवसीय विश्व कप में शानदार अभियान के बाद फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। शास्त्री ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, '' कुछ भी आसानी से नहीं मिलता। यहां तक कि महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को भी विश्व कप जीतने के लिए छह विश्व कप का इंतजार करना पड़ा। आप विश्व कप (आसानी से) नहीं जीतते, एक विश्व कप जीतने के लिए आपको बहुत मेहनत करनी पड़ती है। उस बड़े दिन (फाइनल) अच्छा प्रदर्शन करना होता है।'' उन्होंने कहा, '' फाइनल में पहुंचने के बाद यह मायने नहीं रखता कि आपने टूर्नामेंट में पहले क्या किया है। जब आप शुरुआती बाधा को पार कर लेते हैं तो सिर्फ शीर्ष चार टीम होती हैं और आपको आखिरी दो मैच में अच्छा करना होता है। उन दो मैचों में अगर आपका प्रदर्शन अच्छा रहा तो आप चैम्पियन बनते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा ही किया, वे अपने शुरुआती दो मैच हार गये थे लेकिन उन्होंने जब अच्छे प्रदर्शन की जरूरत थी तब अच्छा किया।''

## नोएडा में लाखों रु. मूल्य के मादक पदार्थ बरामद, पांच लोग गिरफ्तार

**नोएडा (उप्र)/भाषा।** नोएडा पुलिस ने रविवार रात को तीन मादक पदार्थ तस्करों के पास से 72 किलोग्राम 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार राठी ने रविवार रात को एक सूचना के आधार पर बीटा-दो थाना क्षेत्र में परी चौक के पास एक दुकान के पास से लाखों रुपये मूल्य का 72 किलो और 300 ग्राम अवैध गांजा तथा गांजा तस्करी में इस्तेमाल एक कार बरामद की। उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन मादक पदार्थ तस्करों चांद उर्फ चंदू, इरशाद तथा राशीद को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी आंध्र प्रदेश से गांजा खरीद कर लाते थे और इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेचते थे।

# गुजरात टाइटंस ने शुभमन को कप्तान नियुक्त किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियन्स के पास वापस लौटने के हार्दिक पंड्या के फैसले के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सत्र के लिए सोमवार को शुभमन गिल को कप्तान नियुक्त किया। गुजरात टाइटंस को मुंबई इंडियन्स से 15 करोड़ रुपये के अलावा स्थानांतरण फीस के तौर पर मोटी राशि भी मिलेगी जिसका एक हिस्सा पंड्या के पास भी जाएगा।

पंड्या के टीम का साथ छोड़ने की पुष्टि होने के बाद 24 वर्षीय सलामी बल्लेबाज गिल स्पष्ट रूप से कप्तान के रूप में पहली पसंद थे जिन्होंने पिछले सत्र में 890 रन के साथ प्रतिष्ठित 'ऑरेंज कैप' हासिल की थी। गिल का यह प्रदर्शन विराट कोहली के एक सत्र में 973 रन के सर्वकालिक रिकॉर्ड के बाद दूसरे स्थान पर है। गिल ने बयान में कहा, ''मुझे गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने पर खुशी और गर्व है और इतनी अच्छी टीम का नेतृत्व करने के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए फ्रेंचाइजी को धन्यवाद देता हूं। हमारे दो असाधारण सत्र रहे हैं और मैं क्रिकेट के हमारे रोमांचक ब्रांड के साथ टीम का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं।'' दूसरी तरफ पंड्या ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी भावनाएं जाहिर की। पंड्या ने लिखा, ''इसके साथ इतनी सारी शानदार यादें ताजा हो



गईं। मुंबई। वानखेड़े। पल्टन। वापसी करके अच्छा लग रहा है। ''

टाइटंस के टीम निदेशक विक्रम सोलंकी ने पिछले दो सत्र में टीम की सफलता में पंड्या के योगदान की सराहना की।

सोलंकी ने बयान में कहा, ''गुजरात टाइटंस के पहले कप्तान के रूप में हार्दिक पंड्या ने फ्रेंचाइजी को दो सत्र में शानदार प्रदर्शन करने में मदद की जिसमें टीम ने एक बार आईपीएल खिताब जीता और एक बार उप विजेता रही।''

इंग्लैंड के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, ''उन्होंने अब अपनी शुरुआती टीम मुंबई इंडियन्स में लौटने की इच्छा जताई है। हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं और भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।''

मुंबई इंडियन्स की मालिक नीता अंबानी और आकाश अंबानी दोनों ने पंड्या की वापसी को 'सुखद घर वापसी' बताया।

नीता ने कहा, ''हम हार्दिक की घर वापसी का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं! यह हमारे मुंबई इंडियंस परिवार के साथ एक सुखद पुन: मिलन है। मुंबई इंडियन्स की एक युवा प्रतिभा से लेकर अब टीम इंडिया के स्टार बनने तक हार्दिक ने लंबा सफर तय किया है और हम उसके और मुंबई इंडियन्स के भविष्य को लेकर उत्साहित हैं।''

उनके बेटे आकाश ने उस संतुलन के बारे में बात की जो यह ऑलराउंडर किसी टीम को देता है।

आकाश ने कहा, ''यह सुखद घर वापसी है। वह जिस भी टीम के साथ खेलते हैं उसे बेहतरीन संतुलन प्रदान करते हैं। मुंबई इंडियन्स परिवार के साथ हार्दिक का पहला जुड़ाव बेहद सफल रहा था और हमें उम्मीद है कि वह अपने दूसरे जुड़ाव में और भी अधिक सफलता हासिल करेंगे।''

## बेखौफ होकर अपने सभी शॉट खेलने का प्रयास कर रहा था: यशस्वी जायसवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** भारत के प्रतिभाशाली सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल तेजी से सीख रहे हैं और बेखौफ होकर खेलने की कोशिश कर रहे हैं जो यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी 25 गेंद में 53 रन की पारी से स्पष्ट है। दाएं हाथ के इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने रविवार को अपनी पारी के दौरान नौ चौके और दो छक्के लगाए और भारत को शानदार शुरुआत दी।

छठे ओवर में आउट होने से पहले उन्होंने रुतुराज गायकवाड़ (58) के साथ पहले विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने चार विकेट पर 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर ऑस्ट्रेलिया को 191 रन पर रोककर 44 रन से जीत दर्ज की। जायसवाल ने कहा, ''यह मेरे लिए वास्तव में विशेष था। मैं सभी शॉट खेलने की कोशिश कर रहा था, निडर होकर गेंदबाजों का सामना कर रहा था। मैं फैसलों को लेकर आश्वस्त था।'' उन्होंने कहा, ''मुझे (कप्तान) सूर्या और (कोच) वीवीएस (लक्ष्मण) भाई ने खुलकर खेलने को कहा है। मैं हमेशा सोचता हूं कि अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी में खुद को कैसे बेहतर बना सकता हूं। अब भी सीख रहा हूं।'' जायसवाल ने कहा कि वह फिटनेस के स्तर के साथ-साथ मानसिक ताकत में सुधार पर काम कर रहे हैं। इस साल भारत के लिए पदार्पण करने वाले जायसवाल ने कहा, ''मैंने फिटनेस और शॉट खेलने पर काम किया है। मुझे लगता है कि इस स्तर पर मानसिक चीजें अधिक महत्वपूर्ण हैं। हर दिन बेहतर होने की कोशिश करना।''

## सुविचार

**उदास होने के लिए उम्र पड़ी है, नज़र उठाओ सामने ज़िंदगी खड़ी है, अपनी हँसी को होंठों से न जाने देना, क्योंकि आपकी मुस्कुराहट के पीछे दुनिया पड़ी है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कट्टरपंथ और युवा मन

प्रयागराज में इंजीनियरिंग के एक छात्र लारैब हाशमी द्वारा बस कंडक्टर की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला किए जाने और बाद में सोशल मीडिया पर नारे लगाते हुए वीडियो पोस्ट करने की घटना चौंकाने वाली है। किराए के कुछ रुपयों को लेकर हुआ विवाद ऐसा भयानक रूप कैसे ले सकता है? अभी जांच एजेंसियां इस घटना की तह तक जाने की कोशिश कर रही हैं, इसलिए विवाद की शुरुआत किसकी ओर से हुई, यह सामने आना बाकी है, लेकिन किसी भी सूरत में हथियार से हमला करने को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। घटना के बाद उप्र पुलिस ने काफी फुर्ती दिखाई और हाशमी को उसी दिन चंडी गांव से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। अब यह पता लगाना चाहिए कि इतनी कम उम्र में इस छात्र के मन में नफरत का ऐसा जहर किसने भरा कि इसने गर्दन काटने की कोशिश तक का दुस्साहस कर लिया! यह कोई सामान्य घटना नहीं है। यह जून 2022 में राजस्थान के उदयपुर में हुए कन्हैया लाल प्रकरण से काफी समानता रखती है। हाशमी इंजीनियरिंग का छात्र है। ऐसे में यह तर्क नहीं दिया जा सकता कि उसे घटना की गंभीरता का अंदाजा नहीं था। उसके बाद मीडिया में जिस तरह की रिपोर्टें सामने आ रही हैं, उससे शक की सुई कट्टरपंथी विचारधारा की ओर घूमती है। आज सोशल मीडिया पर कट्टरपंथ का प्रचार करने वाले इतने समूह व चैनल मौजूद हैं, जिनके संपर्क में आने के बाद युवाओं का गुमराह होना स्वाभाविक है। यह सामग्री मुख्यत: पाकिस्तान से पोस्ट की जाती है। वहां खूंखार आतंकवादियों के अलावा खादिम हुसैन, साद हुसैन, जैद हामिद जैसे कट्टरपंथियों के वीडियो खूब देखे जाते हैं। पहले इनकी तकरीरें कैसेट और सीडी की शक्ल में मौजूद होती थीं, जिन्हें भारत या किसी अन्य देश तक पहुंचने में काफी समय लगता था। अब इंटरनेट से यह काम चुटकियों में हो जाता है।

ये कट्टरपंथी अपने भाषणों में भारत और गैर-मुस्लिम समुदायों के खिलाफ आग उगलते नजर आते हैं। हैरत की बात है कि यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर इन्हें लाखों व्यूज मिलते हैं। इनमें बड़ा हिस्सा उन लोगों का भी है, जो भारत से यह सामग्री देखते हैं। इसके अलावा वॉट्सऐप, टेलीग्राम पर बने समूहों में ऐसी सामग्री लिखित में भी डाली जाती है। युवा मन पर इनका गंभीर दुष्प्रभाव होता है। बार-बार ऐसे भाषण सुनने के बाद उसे यह भ्रम होने लगता है कि उसकी सभी समस्याओं का समाधान इस व्यक्ति के पास है ... यही मेरी जिज्ञासा शांत कर सकता है। लगातार उसके वीडियो देखने के बाद वह उसका मुरीद हो जाता है। फिर वह उसके नजरिए पर सवाल नहीं उठा सकता है। अगर कट्टरपंथी किसी से नफरत करने, उस पर हमला करने की बात दोहराता है तो उससे प्रभावित युवक ऐसा अपराध करने के बाद उसे न्यायोचित ठहरा सकता है। बस, उसे एक मौका चाहिए। याद करें, हाल के वर्षों में यूरोप में चाकूबाजी, आतंकवाद की जितनी घटनाएं हुईं, उनमें या तो कोई पाकिस्तानी शामिल था या कोई ऐसा व्यक्ति, जो लंबे अरसे से कट्टरपंथ आधारित सामग्री देख-सुन रहा था। इसके मद्देनजर भारतीय एजेंसियों को बहुत सतर्कता बरतने की जरूरत है। हमें इंटरनेट आधारित किसी प्लेटफॉर्म को कुछ भी पोस्ट करने की खुली छूट नहीं देनी चाहिए। बेशक अभिव्यक्ति की आजादी होनी चाहिए, लेकिन इसका यह अर्थ बिल्कुल नहीं है कि अभिव्यक्ति के नाम पर हिंसा और आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली सामग्री को भी प्रसारित करने की छूट मिले। युवाओं के मन में नफरत का जहर घोलने वाली ऐसी सामग्री पर कड़ी नजर रखी जाए और उसे हटवाया जाए। अगर संबंधित मंच आनाकानी करे तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने से न हिचकें। जो सामग्री हमारे देश की शांति और सद्भाव के खिलाफ है, किसी भी कीमत पर उसके प्रसारण की इजाजत नहीं होनी चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



सिख धर्म के प्रथम गुरु, मानवता के परम उपासक श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर उनका स्मरण एवं समस्त देशवासियों को बधाई। सद्भाव, शांति, सौहार्द, अध्यात्म के महान मूल्यों की सीख देकर गुरु नानक देव जी ने संसार का मार्गदर्शन किया।

**-ओम बिरला**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम के आवास पर पहुंचकर उनके पिता कौशलाराम सुथार जी के स्वर्गवास पर संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**-वसुंधरा राजे**



आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य और सहायक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सभी के अथक परिश्रम और समर्पण के लिए आभार जताया। इस दौरान प्रदेश संगठन प्रभारी श्री अरुण सिंह जी ने भी बैठक को संबोधित किया।

**-सीपी जोशी**

## प्रेरक प्रसंग

# संकल्प शक्ति से जीत

जापान के प्रसिद्ध सेनापति नोबुनागा अपने सैनिकों में संकल्प शक्ति भरने की अद्भुत महारथ रखते थे। एक बार उन्हें युद्ध में करारी हार मिली। तमाम सैनिकों में गहन निराशा व्याप्त हो गई। नोबुनागा तत्क्षण अपने सैनिकों को एक मंदिर में ले गया। वहां जाकर उसने सैनिकों से कहा, 'देखो, मैं इस सिक्के को तीन बार उछालूंगा यदि सिक्का ज्यादा बार चित पड़ा तो जीत हमारी होगी। ऐसी सूरत में हम जमकर शत्रु का मुकाबला करेंगे।' यह कहकर उसने सिक्का उछाला और संयोग से तीनों बार सिक्का चित पड़ा। सारे सैनिक खुशी से चिल्ला उठे, 'जीत! जीत! अब हमारी जीत तय है।' इस उद्घारण से सैनिकों में नई संकल्प शक्ति का संचार हुआ। तत्पश्चात उन्होंने संगठित होकर पूरे जोश के साथ शत्रु पर तीव्र आक्रमण किया और वे विजयी हुए। तब नोबुनागा ने कहा, 'बहादुर सैनिकों, हमें यह जीत सिक्के के चित पड़ने के कारण नहीं, बल्कि तुम्हारे साहस और संकल्प के कारण मिली है।'

## सामयिक

# सोशल मीडिया पर नग्नता का नंगा नाच

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**मोबाइल : 9466526148**

पूरा देश नग्नता के लिए फिल्मों को दोष देता है परंतु आज सोशल मीडिया (सामाजिक पटल) पर इतनी भयंकर नग्नता है कि हमारी जो भारतीय फिल्में को भी शर्म आ जाए। आज कोई भी सोशल प्लेटफार्म अछूता नहीं है फूहड़पन और नग्नता से। सोशल मीडिया के अंधे दौर में कुछ लाइक और व्यू पाने के लिए हमारे समाज की नारियों को कैसे लक्षित किया जा रहा है और उन्हें नग्नता परोसना पड़ रहा है। और वो लाइक और व्यू के आसमान में उड़ने के लिए नग्नता परोस स्वयं के मान सम्मान स्वाभिमान का सौदा आसानी से कर रही है।

कुछ चप्पल छाप यूट्यूबर्स लोग केवल व्यू पाने के लिए हमारी आस्था पर इस तरह के अश्लीलता वाले थम्बनेल लगाते हैं। किससे क्या कहें? जीवन का चरमसुख अब फॉलोअर्स पाने और कमेंट आने पर निर्भर हो गया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर नग्न अवस्था में तस्वीरें शेयर कर आज लड़कियां लाइक कमेंट पाकर खुद को अनुगृहित करती दिखाई देती है, मानो जीवन की सबसे अहम और जरूरी ऊंचाई को उन्होंने पा लिया हो।

इस नग्नता को हम आधुनिकता के इस दौर में न्यू फैशन कहते हैं। सोशल मीडिया पर फैशन की उबाल आई तो सोशल नेटवर्क पर युवा पीढ़ी ने खुद को खूबसूरत युवतियों से पीछे पाया, फिर क्या युवकों ने खुद की नग्नता का नंगा नाच शुरू किया और कहा, मैं पीछे कैसे ? युवा अपने यौवन को दिखाते घूम रहे हैं मैं किसी से कम नहीं। ऐसे बिगड़ैल यूट्यूबर के इंटरव्यूज होना और भी अचरज की बात है। पहले के जमाने में बड़े बुजुर्ग इस तरह की हरकतों पर नकेल कसते थे। खैर जमाना आधुनिक है इस लिए समाज इसे स्वीकारता और आनंदित होता है।पर ये बहुत ही गम्भीरता से सोचने का विषय है - हमारे घरों के छोटे-छोटे बच्चे किस दिशा में जा रहे हैं। माता-पिता क्यों जानबूझ कर अनदेखा कर रहें हैं? क्यों नहीं अपने बच्चों को टाईम और संस्कार देना चाहते हैं? क्यों अपने हाथो अपने बच्चो को दलदल में धकेल रहें हैं। आजकल के माता-पिता बहुत ज्यादा मार्डन है और उन्हें नंगापन, बॉयफ्रेंड और मार्डन परिवेश बेहद आकर्षित करती है। ये आने वाली पीढ़ी और समाज के लिए घातक सिद्ध होगा।

**हमारी संस्कृति में स्त्री को धन की संज्ञा से नवाजा गया वो भी बहुमूल्य न कि टके बराबर। इसलिए राजदरबारो में होने वाले मुजरे भी चारदीवारो के अंदर ही होते थे। सत्य यह है की अश्लीलता को किसी भी ष्टिकोण से सही नहीं ठहराया जा सकता। ये कम उम्र के बच्चों को यौन अपराधों की तरफ ले जाने वाली एक नशे की दुकान है और इसका उत्पादन आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्त्री समुदाय के साथ मिलकर कर रहा है। मस्तिष्क विज्ञान के अनुसार 4 तरह के नशों में एक नशा अश्लीलता से भी है।**

टीनएजर लड़कियों की मन:स्थिति को अपने खास मकसद के मुताबिक ढाला जा रहा है।

अब तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस आभासी नग्नता के अड्डे बने हुए हैं। वल्गर रील्स और वीडियोस तो अब हर घर के टीनेजरस बना ही रहे हैं। अब तो ऐसा महसूस होने लगा है कि वैश्यावृति के अड्डे भी नये विकल्पों के साथ हवस परस्त मर्दो के लिए उपलब्ध हो गए हैं। सोशल मीडिया पर आजकल जो ये फॉलोवर बढ़ाने के लिए जो नग्नता परोसी जा रही है। क्या उसमें परोसने वाले ही दोषी हैं? क्या उसको लाइक और शेयर करने वाले दोषी नहीं हैं ? मेरे हिसाब से तो वो ज्यादा दोषी हैं।

अगर हम ऐसी पोस्ट या वीडियो को लाइक शेयर करना ही बंद कर दें तो क्या ये बंद नहीं हो सकता? आज सामाजिक विकार अपने सफर के सफलतम पड़ाव में है। रोकथाम की कोई गुंजाइश नही है। अब तो प्रलय ही इसकी गति को रोक सकती है। सोशल मीडिया में रील्स पर नग्न और अश्लील नृत्य की नौटंकी करने वाली बेटियों से निवेदन है कि चंद काग़ज़ के टुकड़ों के लिए अपने परिवार और धर्म की इज्ज़त तार-तार ना करो। पैसे आपको आज नृत्य के लिए नही अपितु नग्नता परोसने के लिए दिए जा रहे है ताकि पूरे समाज को एक दिन रसातल में धकेल कर नीचा दिखाया जा सके।

हमारी संस्कृति ही नहीं बचेगी तो तो हमारे राष्ट्र का और आने वाली पीढ़ियों का दुर्गुणों से विनाश होने से कोई बचा नहीं सकता है। अभी समझे कि संस्कृति क्या है और इसे बचाना क्यों जरूरी है। यह हमारे राष्ट्र का स्वाभिमान है। हमें चाहिए अश्लीलता और नग्नता मुक्त समाज अपनी नष्ट हो रहे सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करें। बॉलीवुड की अश्लीलता, नग्नता और गाली गलौज से भरी फिल्मों और वेब सीरीज का बहिष्कार करें।

अश्लील गाना एवं अश्लील फिल्मों का बहिष्कार करें। सोशल मीडिया में ट्वीटर, फेसबुक आदि ऐसे प्लेटफार्म हैं जिसके माध्यम से लोग अपने विचार, अभिव्यक्ति के साथ किसी महत्वपूर्ण जानकारी का प्रेषण करते हैं। किन्तु वर्तमान में इन प्लेटफार्मो मे अश्लील,आपत्तिजनक व नग्नता पूर्ण मैसेज व विज्ञापन की भरभार होने के साथ जुए जैसे खेलों को खेलने के लिए प्रोत्साहित कर सामाजिक प्रदूषण फैलाया जा रहा है। हमारे नौनिहाल, बहन बेटी भी इन प्लेटफार्मो का बहुतायत उपयोग करते है। इस प्रदूषण पर अंकुश लगवाने के लिए सभी को सोचना होगा और खुद पहल करनी होगी। आज चेतना चाहिए नहीं तो कल रास्तों में होगा नंगा नाच। आप देश का भविष्य हो, कठपुतली मत बनो। स्वच्छंदता के नाम पर फूहड़ता सोशल मीडिया के इस दौर में अपने चरम पर है। हमारी संस्कृति में स्त्री को धन की संज्ञा से नवाजा गया वो भी बहुमूल्य न कि टके बराबर। इसलिए राजदरबारो में होने वाले मुजरे भी चारदीवारो के अंदर ही होते थे। सत्य यह है की अश्लीलता को किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं ठहराया जा सकता। ये कम उम्र के बच्चों को यौन अपराधों की तरफ ले जाने वाली एक नशे की दुकान है और इसका उत्पादन आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्त्री समुदाय के साथ मिलकर कर रहा है। मस्तिष्क विज्ञान के अनुसार 4 तरह के नशों में एक नशा अश्लीलता से भी है। आचार्य कौटिल्य ने चाणक्य सूत्र में 'वासना' को सबसे बड़ा नशा और बीमारी बताया है। यदि यह नग्नता आधुनिकता का प्रतीक है तो फिर पूरा नग्न होकर स्त्रियां पूर्ण आधुनिकता का परिचय क्यों नहीं देती? गली- गली और हर मोहल्ले में जिस तरह शराब की दुकान खोल देने पर बच्चों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है उसी तरह अश्लीलता समाज में यौन अपराधों को जन्म देती है। इसको किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता है। विचार करिए और चर्चा करिए या फिर मौन धारण कर लीजिए।

## हेल्थ

# सर्दी में विशेष सावधानी बरतें डायबिटीज के मरीज

**बाल मुकुन्द ओझा**

**मोबाइल : 9414441218**

सर्दी के मौसम में डायबिटीज के मरीजों को अधिक सतर्क होकर अपने स्वास्थ्य का ज्यादा ध्यान रखना चाहिए। सर्दी में व्रत त्योहार विशेषकर शादियां बहुतायत से होती है। इस अवसर पर होने वाकई पार्टियां उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों के साथ आपकी भोजन योजना को बाधित कर सकती हैं। ख़राब मौसम में बाहर रहना और शारीरिक रूप से सक्रिय रहना भी कठिन हो सकता है। आपके भोजन और गतिविधि योजनाओं में व्यवधान से आपका रक्त शर्करा बढ़ सकता है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने ठण्ड के मौसम में डायबिटीज रोगियों को अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या और खानपान के लिए सचेत किया है। अपनी एडवाइज़री में कहा है नियमित रूप से अपने रक्त शर्करा की जाँच करें, यदि आप बीमार हैं या निम्न रक्त शर्करा के लक्षण हैं तो अधिक बार जाँच करें। सर्दी आपके हाथों को ठंडा कर सकती है, जिससे परीक्षण अधिक दर्दनाक हो सकता है।

आइसीएमआर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 10.1 करोड़ से ज्यादा है। वर्ष 2019 में यह संख्या 7 करोड़ थी। मसलन सिर्फ चार साल में 4 करोड़ भारतीय डायबिटीक हो चुके हैं। खानपान और लाइफ स्टाइल में आये बदलाव के कारण यह रोग बच्चे से बुजुर्ग तक को अपना शिकार बना रहा है। साइंस पत्रिका लेसेन्ट के एक शोध के मुताबिक दुनिया में जितने मरीज हैं, उसमें से 17 प्रतिशत से ज्यादा अकेले भारत में हैं. आंकड़ों के मुताबिक भारत में अभी करीब 101 मिलियन (10 करोड़) से अधिक लोग डायबिटीज की चपेट में हैं। भारत की 11.4 फीसदी आबादी डायबिटीज की चपेट में है। आने वाले दिनों में यह संख्या और तेजी से बढ़ सकती है। ऐसे में इसे कंट्रोल करना बेहद जरूरी है। देश के कई राज्यों में डायबिटीज के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। डायबिटीज के मरीज लाइफस्टाइल और खानपान का ख्याल रखकर इससे छुटकारा पा सकते हैं। नींद की कमी से डायबिटीज की समस्या बढ़ सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर आप रोजाना अच्छी नींद ले रहे हैं तो ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है और डायबिटीज का खतरा कम होता है।



भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या हर रोज बढ़ रही हैं। लगभग हर 5 भारतियों में से 2 भारतीय को डायबिटीज की समस्या हैं। डायबिटीज में ब्लड शुगर का लेवल हाई होने के कारण त्वचा शुष्क होती है जिससे शरीर में सूजन, लाल धब्बे, खुजली, चकत्ते जैसी चीजें हो जाती हैं। डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जिसे हम साइलेंट किलर के तौर पर जानते थे मगर अब वह मेन किलर हो गई है। बच्चे से बुजुर्ग तक हर आयु का व्यक्ति इस बीमारी का शिकार हो रहा है। अस्पतालों और जाँच केंद्रों पर डायबिटीज के रोगी बड़ी संख्या में देखे जा रहे है। भारत में हर पांचवें व्यक्ति को इस बीमारी ने घेर रखा है। स्वस्थ व्यक्ति में खाने के पहले ब्लड में ग्लूकोस का लेवल 70 से 100 एमजी डीएल रहता है। खाने के बाद यह लेवल 120-140 एमजी डीएल हो जाता है और फिर धीरे-धीरे कम होता चला जाता है। मधुमेह हो जाने पर यह लेवल सामन्य नहीं हो पाता और बढ़ता जाता है।

भारत को डायबिटीज की खान कहा जाता है। डायबिटीज रोग वैश्विक और गैर.संचारी महामारी का रूप धारण कर चुका है। भारत में व्यस्त एवं भागमभाग वाली जिंदगी, खानपान की खराबी तनावपूर्ण जीवन, स्थूल जीवन शैली, शीतल पेय का सेवन, धूम्रपान, व्यायाम कम करने की आदत और जंक फुड का अधिक सेवन, मोटापा के कारण डायबिटीज का प्रकोप बढ़ रहा है। बच्चों का अब खेलकूद के प्रति रूझान घटना और मोबाइल कंप्यूटर खेलों की तरफ बढ़ना टीवी से चिपके रहना और जंक फूड खाने से बच्चे भी इस रोग के शिकार हो रहे हैं। डायबिटीज को खत्म तो नहीं किया जा सकता है पर उसे नियंत्रित अवश्य किया जा सकता है। इसके लिए कई इलाज है पर प्राकृतिक इलाज सबसे बेहतर है, जिसमे योग की बड़ी महत्ता है। रोज सुबह उठकर प्राणायाम, व्यायाम व आसन करने से इस पर नियंत्रण किया जा सकता है।

## नजरिया

# स्मार्ट सिटी : यथार्थ या केवल हवा की बातें ?

**संजीव ठाकुर**

**मोबाइल : 90094 15415**

बडे विदेशी शहरों के अनुरूप भारत में भी ऐसे बड़े शहरों की जरूरत महसूस हो रही है, जहां के निवासियों की सभी जरूरतों को त्वरित व तेजी से पूरा किया जा सके। ऐसे शहरों को स्मार्ट सिटी का नाम दिया जा रहा हैश्र जिस शहर में सभी गुणवत्ता पूर्ण आम लोगों को सुविधाएं कम सेवा मूल्य पर और आसानी से उपलब्ध हो सके। जहां लोगों के जीवन यापन के तरीके इतने सुलभ व संतुलित हो की धूल प्रदूषण से मुक्त सड़कें, पानी, बिजली आसानी से उपलब्ध हो सकेश्र और वहां पर घर पहुंच घर में बैठे-बैठे इंटरनेट और सोशल मीडिया पर क्षण भर में सभी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सके। आम नागरिक जन सुविधाओं से स्वतंत्रता के बाद अब तक जूझ रहा हैं, तो उसका त्वरित निराकरण संचार माध्यमों से हो सके। ऐसे स्मार्ट शहर की स्थापना किया जाना केंद्र सरकार का लक्ष्य बन गया है। पर क्या भारत की जनसंख्या की विशालता को देखते हुए और भारत के मेट्रोपॉलिटन शहरों की संघनता और जनसंख्या को दृष्टिगत रख इन्हें स्मार्ट सिटी में बदला जा सकता है? यदि सरकार और आम नागरिकों का दृढ़ निश्चय संकल्प हो, और आपसी सहयोग तथा सामंजस्य बेहतर तरीके से हो जाए तो भारत में स्मार्ट सिटी की परिकल्पना यथार्थ रूप भी ले सकती है। यदि दूसरे तरीके से और दूसरे नजरिए से इस तथ्य को देखा जाए तो स्मार्ट सिटी में पर्याप्त बिजली, पानी, भोजन, घर आदि की उपलब्धता के साथ-साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा, मनोरंजन, यातायात की सुविधाएं भी आसानी से प्राप्त हो जाएं और आरामदायक जीवन से संबंध सभी आर्थिक गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहे। ऐसी स्मार्ट सिटी यदि भारत में बन जाती है, तो भारत से ज्यादा विकासवान दूसरा भी नहीं हो सकता है। तो ऐसे शहर की परिकल्पना केवल दृढ़ संकल्प और सार्थक मेहनत के प्रतिफल के रूप में ही की जा सकती है। देश के प्रधानमंत्री ने पूर्व स्वतंत्रता दिवस पर भारत में 100 से ज्यादा शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा भी की है। और इसके लिए उन्होंने 9 हजार करोड़ रुपयों का बजट का प्रावधान भी रखा है। वैसे तो प्रधानमंत्री के इस स्वप्निल विचारों को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एक पूरा मैनुअल जारी किया गया है। यह परियोजना आने वाले वर्षों में मूर्त रूप लेगी। देश के 40 लाख से अधिक आबादी वाले 9 शहरों, 10 लाख से 40 लाख आबादी वाले 44 शहरों, 5 लाख से 10 लाख आबादी वाले 20 शहरों, सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के अंतर्गत आने वाले लगभग 37 शहर सहित पर्यटन व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण 15 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना बनाई गई है।



नए प्रारूप में सर्वप्रथम केंद्रीय शासन द्वारा दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार, बोधगया, भोपाल, इंदौर, कोच्चि, जयपुर और अजमेर को स्मार्ट सिटी के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। भारत में स्मार्ट सिटी बनाने की इस नई परियोजना मेहं विदेशी राष्ट्रों ने भी गहरी रुचि दिखाई है। जापान ने वाराणसी शहर को एक अच्छी विकसित सर्व सुविधा संपन्न स्मार्ट सिटी बनाने रुचि दिखाई है। कतर देश के प्रिंस शेख हमद बिन नासिर ने दिल्ली को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 100 अरब रुपए की योजना बनाकर निवेश करने की इच्छा जताई है। नासिर जी ने अपने एक पार्टनर दिल्ली के नितेश शर्मा के साथ मिलकर देश में स्मार्ट शहरों की निर्माण हेतु एक लाख करोड़ रुपए निवेश करने का प्रावधान रखा है। सिंगापुर ने भी भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए सहयोग देने की बात कही है। उन्होंने चेन्नई बैंगलोर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निकट एक लिटिल सिंगापुर विकसित करने की योजना बनाई है।

भारत सरकार ने स्मार्ट सिटी पर होने वाले खर्च हेतु पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल की को प्राथमिकता देने की योजना भी बनाई है। पर स्मार्ट सिटी बनाते समय विशेष तौर पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत स्मार्ट सिटी में मांग प्रबंधन वित्तीय को ओपन ऊर्जा कुशलता सूचनाओं के आदान-प्रदान की समयानुकूल व्यवस्था के साथ न्यूनतम कचरा उत्पादन जैसी विशेषताओं का होना भी आवश्यक है। स्मार्ट सिटी में बाधा हीन कारोबार, गुणवत्ता परक जीवन के कारण तीव्र प्रति श्रद्धा की स्थिति मौजूद रहती है। ऐसे में जन सुरक्षा एवं नागरिक अधिकारों को भी साथ साथ जीवित रखना होगा।

स्मार्ट शहरों को विध्वंसक कार्रवाई यों और चोरी डकैती आदि से बचाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीसीटीवी की निगरानी में 24 घंटे रखा जाना होगा। इसके साथ ही संतुलित जीवन के लिए पर्यावरण संतुलन भी अत्यंत आवश्यक होगा। देश में बड़ी संख्या में स्मार्ट सिटी स्थापित करने में निसंदेह भारत को विकसित देशों की ओर अग्रसर होने में बहुत मदद मिलेगी। देश में नए सिरे से रोजगार के अवसर भी खोजा जाएगा।परंतु इस नई परियोजना को मूर्त रूप देने में कई विघ्न बाधाएं एवं चुनौतियां भी हैं। जनता निर्विवाद रूप से कठिनाइयों से निपटने के बाद ही सपनों के शहर को बस बसाना आसान होगा। इन प्रोजेक्ट को अमल में लाने के लिए शहरी तथा ग्रामीण कानूनों में भी परिवर्तन आवश्यक होगा। यदि देश का प्रत्येक नागरिक सरकार के अधीन प्रोजेक्ट में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग देकर अपना योगदान दें, तो निश्चय ही अगले दो दशकों में भारत में सैकड़ों स्मार्ट सिटी निर्मित हो सकेगी और आम नागरिकों को जन सुविधाओं के साथ भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा।

**महत्त्वपूर्ण**

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# हमास ने चार वर्षीय एबिगेल एडन को रिहा किया : बाइडन

**नानटुकेट (अमेरिका)/एपी**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हमास द्वारा बंधक बनाई गई चार वर्षीय अमेरिकी बच्ची एबिगेल एडन को इजराइल-हमास युद्ध विराम समझौते के तहत रिहा किए जाने की रविवार को पुष्टि की। बाइडन ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, ''शुक्र है कि वह घर लौट आई है। काश, मैं भी उसे गोद में उठाने के लिए वहां होता।'' एबिगेल के पास इजराइल और अमेरिका की दोहरी नागरिकता है। बाइडन ने कहा कि वह ''इजराइल में सुरक्षित'' है।

एबिगेल इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम समझौते के तहत रिहा की जाने वाली पहली अमेरिकी नागरिक है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने बाद में बताया कि राष्ट्रपति ने अमेरिका एवं इजराइल में रह रहे बच्ची के परिवार के सदस्यों से फोन पर बात की। उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी बात की। हमास के आतंकवादियों ने सात अक्टूबर को इजराइल पर अप्रत्याशित हमले के दौरान एबिगेल के माता-पिता की हत्या कर दी थी। एबिगेल जान बचाने के लिए भागकर अपने पड़ोसी के घर चली गई थी। पड़ोस में रहने वाली हागर नामक महिला अपने तीन बच्चों के साथ एबिगेल को अपने साथ कहीं ले गई थी, लेकिन फिर वे पांचों लापता हो गए थे। बाद में पुष्टि हुई कि उन सभी को बंधक बना लिया गया है। हमास के आतंकवादी इजराइल पर हमले के बाद जिन 200 से अधिक लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गए थे, एबिगेल उन्हीं लोगों में शामिल थी।

एबिगेल के परिवार के दो सदस्यों ने बाइडन, कतर सरकार और बच्ची को छुड़ाने में मदद करने वाले अन्य लोगों को धन्यवाद दिया। एबिगेल की रिश्तेदारों लिज हिर्श नफ्ताली और नोआ नफ्ताली ने कहा, ''आज की रिहाई साबित करती है कि यह संभव है। हम सभी बंधकों को घर वापस ला सकते हैं। हमें प्रयास जारी रखना होगा।'' हमास ने रविवार को 17 और बंधकों को रिहा किया। चार दिवसीय संघर्ष विराम के तहत तीसरी बार बंधकों की रिहाई हुई है। कुछ बंधकों को सीधे तौर पर इजराइल को सौंप दिया गया जबकि अन्य मिस्र के रास्ते रवाना हुए।

# मोदी के तेजस में उड़ान भरने की आलोचना के लिए भाजपा ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना

**नई दिल्ली/भाषा**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तेजस लड़ाकू विमान में यात्रा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करने के लिए विपक्षी दलों पर सोमवार को निशाना साधा और आरोप लगाया कि वे न केवल उनसे नफरत करते हैं, बल्कि देश का कल्याण भी नहीं चाहते हैं।

जैतून के हरे रंग का लड़ाकू पायलट जी-सूट पहने मोदी ने शनिवार को स्वदेश निर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी जिसके बाद उन्होंने कहा कि इस अनुभव ने देश की स्वदेशी क्षमताओं में उनका विश्वास बढ़ाया है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री द्वारा तेजस विमान से उड़ान भरने के बाद उन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि 'चुनावी तस्वीरें खिंचवाने के उस्ताद' को इस हल्के लड़ाकू विमान के लिए पहले की सरकारों के दौरान किए गए प्रयासों को भी स्वीकार करना चाहिए था।



तेजस से मोदी की उड़ान पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस के सांसद शांतनु सेन ने कथित तौर पर कहा कि उन्हें डर है कि 'कुछ ही समय में यह विशेष विमान दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा'।

विपक्षी दलों पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, ''यह दिखाता है कि उनके मन में सिर्फ प्रधानमंत्री के लिए ही नहीं बल्कि भारत के कल्याण के प्रति भी नफरत है।'' उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री तेजस में उड़ान भर रहे हैं जो एक स्वदेशी उत्पाद है और देश के गौरव का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया, ''वे दिन गए जब हमारे सशस्त्र बल बुलेटप्रूफ जैकेट की मांग कर रहे थे और सोनिया गांधी, राहुल गांधी और तत्कालीन कांग्रेस सरकार अपने लिए वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीदने में व्यस्त थी और जवानों की कभी परवाह नहीं की।''

भाटिया ने कहा कि दुनिया आज भारत की ताकत को पहचानती है। उन्होंने कहा, ''और मैं कहना चाहूंगा कि हमारे प्रधानमंत्री, जिनके पास 140 करोड़ भारतीयों का आशीर्वाद है, उन्हें कांग्रेस के कुछ पिट्ठु, तृणमूल कांग्रेस के पिट्ठु या विपक्षी दलों की चिंता करने की जरूरत नहीं है जो देश के प्रधानमंत्री के बारे में इस तरह के गैर जिम्मेदाराना बयान देते हैं।''

**बातचीत**



प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार मिश्रा ने सोमवार को उत्तरकाशी जिले में ध्वस्त सिल्कयारा सुरंग में बचाव अधिकारियों से बात करते हुए।

# सिख आज पूरी दुनिया में छाये, पर मुगलों का कहीं अता-पता नहीं : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ/भाषा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुगलों और सिखों के बीच हुए संघर्ष की याद दिलाते हुए सोमवार को कहा कि आज सिख पूरी दुनिया में छाये हुए हैं, मगर मुगलों की सत्ता का कहीं अता-पता नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजधानी लखनऊ के आशियाना स्थित गुरुद्वारे में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554 वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस उन्होंने कहा, ''सिख गुरुओं का बलिदान केवल खालसा पंथ के लिए न होकर हिन्दुस्तान और धर्म को बचाने के लिए था।' यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने कहा कि 'उस दौर में जब बड़े-बड़े राजा-महाराजा मुगल सत्ता की अधीनता स्वीकार कर रहे थे, तब सिख गुरु अपने दम पर देश और धर्म की रक्षा कर रहे थे। जिस देश और परंपरा में इस प्रकार का जुझारूपन हो उसे दुनिया की कोई ताकत झुका नहीं सकती।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'खालसा पंथ की स्थापना मुगल सल्तनत के पतन का कारण बनी। आज सिख पूरी दुनिया में छाये हैं, मगर मुगलों की सत्ता का कहीं अता-पता नहीं है। ये सत्य और धर्म का रास्ता है।'

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकाश पर्व हम सबके जीवन में गुरु कृपा से ज्ञान का प्रकाश देता है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग, बलिदान, भक्ति, शक्ति, साधना देश और धर्म के लिए अनुकरणीय है और भारत ही नहीं पूरी दुनिया में गुरु नानक जी का प्रकाश फैला है। उन्होंने कहा कि एक पक्ष भक्ति के माध्यम से साधना का है, तो वहीं दूसरा पक्ष भक्ति के माध्यम से लोक कल्याण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भक्ति के माध्यम से गुरु नानक देव जी ने उस कालखंड में बाबर के अत्याचारों के खिलाफ आवाज बुलंद की थी।



# कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के संग्रहालय का किया दौरा

**नई दिल्ली/एजेन्सी**

अभिनेत्री कंगना रनौत जल्द ही ऐतिहासिक फिल्म 'इमरजेंसी' में पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया और इंदिरा गांधी के एआई-निर्मित संस्करण के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की। कंगना 'वीरांगनाओं की महागाथा' नामक लाइट एंड साउंड शो के लॉन्च में शामिल हुईं। सोशल मीडिया पर 'क्वीन' अभिनेत्री ने प्रधानमंत्री संग्रहालय की अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें साझा की।

अभिनेत्री ने पिस्ता हरे रंग की साड़ी, स्लीवलेस ब्लाउज और मैचिंग चोकर नेकपीस और झुमके पहने थे। उन्होंने अपने बालों को जूड़े में बांध रखा था और कम से कम मेकअप का विकल्प चुना था। तस्वीरों में कंगना को इंदिरा गांधी के एआई-निर्मित संस्करण के साथ एक कुर्सी पर बैठे देखा जा सकता है। अभिनेत्री ने इसे कैप्शन दिया, आईजी के साथ बातचीत करना बहुत अच्छा रहा... (मैंने इंदिरा गांधी पर एक फिल्म बनाई थी, आईजी उनके लिए हमारा क्रू कोड नाम था।)'' तस्वीरों में कंगना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एआई-निर्मित छवि के साथ पोज देते हुए भी दिखाया गया है।

कंगना ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, आज दिल्ली में 'वीरांगनाओं की महागाथा' नामक एक शानदार लाइट और साउंड शो लॉन्च किया गया है। हमारे महान इतिहास और शक्ति भावना के पुनरुद्धार में कितना अविश्वसनीय कदम है।

पोस्ट में लिखा, इतिहास के कई अध्याय विभिन्न आख्यान कुछ पुराने तरीकों के माध्यम से और कुछ भविष्य की तकनीकों के माध्यम से मेरी आंखों के सामने खुल गए।

हर किसी को वहां अवश्य जाना चाहिए, इसे एक पारिवारिक सैर बनाएं, देखने के लिए बहुत कुछ है, मनोरंजन करते हुए जानकारी प्राप्त करें और अपने दिन की समाप्ति लंबे समय से खोए हुए नायकों के बारे में एक सुपर रोमांचक लाइट और साउंड शो के साथ करें। मैं अपने भतीजे पृथ्वी को जल्द ही वहां ले जाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती... जय हिंद। आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' भारतीय आपातकाल पर आधारित है, और इसमें अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और मिलिंद सोमन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# रणबीर कपूर ने अपनी फिल्म का नाम 'एनिमल' के पीछे की वजह का खुलासा किया

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म एनमिल का नाम 'एनिमल' रखने की वजह बतायी है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर,अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं।

रणबीर कपूर ने फिल्म का टाइटल एनिमल रखने के पीछे की वजह का खुलासा किया है। रणबीर कपूर ने कहा,'मुझे लगता है कि आप फिल्म एनिमल को मेरे द्वारा निभाए गए इस किरदार और अन्य किरदारों के नजरिए से देख रहे हैं, जिनके बारे में मैं बात नहीं कर सकता। एक बार आप फिल्म देखेंगे, तो आपको समझ आ जाएगा।मुझे लगता है कि संदीप रेड्डी वांगा ने इस फिल्म को एनिमल क्यों कहा, इसका कारण यह है कि जानवर अपनी प्रवृत्ति से बाहर व्यवहार करता है। वे सोच समझकर व्यवहार नहीं करते। तो यह किरदार जो मैं निभा रहा हूं, वह अपने परिवार की रक्षा के लिए सहज व्यवहार करता है। वह यह नहीं सोच रहा है कि वह सहज भाव से व्यवहार कर रहा है, वह आवेगी है और मुझे लगता है कि यहीं पर एनिमल नाम आया। एक बार जब आप फिल्म देखेंगे तो आपको एहसास होगा कि यह फिल्म इस नाम पर फिट बैठती है।



पटना में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को पटना में श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाने के बाद पूजा-अर्चना की।

# हर कोने में सैम मानेकशा की कहानी पहुंचाना चाहते हैं : विक्की कौशल

**मुंबई/भाषा**

अभिनेता विक्की कौशल को उम्मीद है कि फिल्म 'सैम बहादुर' में उनका निभाया पूर्व सेना प्रमुख सैम मानेकशा का किरदार लोगों को रास आएगा और उनकी फिल्म विरासत का हिस्सा बन जाएगा। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है जिन्होंने कौशल के साथ 'राजी' भी बनाई थी। यह कौशल के अभिनय वाली दूसरी जीवनी आधारित फिल्म है। इससे पहले वह सुजीत सरकार की 'सरदार उधम' में शीर्ष भूमिका



निभा चुके हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''हम हर घर, गांव, कस्बे, शहर और दुनिया के हर कोने तक पहुंचना चाहते हैं। हम सब इसके लिए तरसते हैं। लेकिन हम इसलिए काम करते हैं कि लोग इसे देखें, उन्हें ये पसंद आए और वे इसकी खुशी मनाएं। यह सबसे बड़ी प्रशंसा है।'' कौशल ने कहा कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई बड़ी बात है, लेकिन काम से लोगों का दिल जीतकर अदाकार का आत्मविश्वास बढ़ जाता है। 'सैम बहादुर' में मानेकशा की पत्नी सिल्लू का किरदार सान्या मल्होत्रा और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार फातिमा सना शेख ने निभाया है।



# 'द आर्चीज' का म्यूजिक एल्बम लांच

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड फिल्मकार जोया अख्तर की आने वाली फिल्म 'द आर्चीज' का म्यूजिक एल्बम लांच कर दिया गया है। फिल्म 'द आर्चीज' के साथ शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, जान्हवी कपूर की बहन खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा डेब्यू करेंगे।

द आर्चीज' का म्यूजिक एल्बम लांच कर दिया गया है। यह एल्बम 16-ट्रैक का मास्टरपीस है, जिसमें 'सुनोह', 'वा वा वूम' और 'इन राहों में' के साथ-साथ 'डियर डायरी', 'जब तुम ना थीन', 'ढिशूम ढिशूम', 'लोनली जुलाई,' 'एवरीथिंग इज़ पॉलिटिक्स,' 'प्लम पुडिंग,' 'ये सारी आवाज़ें,' 'छूना आसमान,' और 'एसिमेट्रिकल' जैसे अन्य नए रिलीज़ गाने शामिल हैं। जोया अख्तर ने बताया, आखिरकार हम अपने दर्शकों के लिए पूरा एल्बम पेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। यह फिल्म एक संगीतमय फिल्म है, और कॉमिक बुक कथा, 60 के दशक और युवा वयस्क स्वर को देखते हुए यह एल्बम बेमिसाल है। शंकर-एहसान-लॉय, अंकुर तिवारी, डॉट, मेरे पिता, अरिजीत सिंह और तेजस का एक एल्बम में होना मेरे सपने से भी बढ़कर है। मैं एक ऐसा एलबम चाहती थी जो मुझे मुस्कुराने पर मजबूर कर दे। और मुझे उम्मीद है कि श्रोता भी ऐसा करेंगे।

संगीतकार तिकड़ी शंकर-एहसान-लॉय ने कहा,द आर्चीज संगीत के साथ, हमारा लक्ष्य दर्शकों के लिए कुछ नया बनाना है। 60 के दशक का संगीत एक बेमिसाल सरसता जोड़ता है, जो संगीतकारों और गीतकारों की एक प्रतिभाशाली टीम द्वारा इज़ाफ़ा है। हमारा निजी पसंदीदा 'प्लम पुडिंग' है और हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि दर्शक इस पर और हमारे अन्य गानों पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। संगीतकार, गायक, गीतकार अंकुर तिवारी ने कहा, इस एल्बम पर काम करना एक अविश्वसनीय रूप से रोमांचक और सहयोगी प्रक्रिया रही है। मुझे 60 के दशक का संगीत बनाने और जावेद अख्तर सर, शंकर-एहसान-लॉय और डॉट जैसे पीढ़ियों के प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ सहयोग करने में बहुत मजा आया। संगीतकार के रूप में, जोया अख्तर के साथ काम करना एक सफल अनुभव था, उनकी स्पष्ट दृष्टि ने पूरी प्रक्रिया को काफी सहज बना दिया। 'द आर्चीज' फिल्म की कहानी कॉमिक बुक कैरेक्टर आर्ची एंड्रयूज और उसके दोस्तों पर आधारित है।'द आर्चीज' 07 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'द आर्चीज' शरद देवराजन और रीमा कागती द्वारा टाइगर बेबी और ग्राफिक इंडिया के बैनर तले बनाई गयी है।

# अपने किरदारों की उम्र को महत्व नहीं देने का प्रयास किया : रानी मुखर्जी



**पणजी/भाषा**

बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने कहा कि दर्शकों ने उन्हें फिल्म उद्योग में आयु के आधार पर भेदभाव और अन्य बाधाओं को तोड़ने में मदद की जिससे विभिन्न प्रकार के किरदारों को निभाने में आसानी हुई। गोवा के पणजी में चल रहे भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में एक सत्र में बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने कहा कि किसी भूमिका को निभाने को लेकर कलाकार की आयु को महत्व नहीं देना चाहिए। मुखर्जी ने कहा,' मेरे प्रशंसकों ने मुझे प्यार दिया है और वर्षों से मेरे काम को स्वीकार किया है। उन्होंने आयु के आधार पर भेदभाव और अन्य बाधाओं को तोड़ने में मेरी मदद की है और मैं वादा करती हूं कि 80 वर्ष की आयु तक काम करूंगी। मुझे नहीं लगता कि कलाकार को उसकी उम्र से आंकना चाहिए।' उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि हमारा सिनेमा लोकप्रिय सिनेमा है और आप हर समय पर्दे पर युवाओं को देखना चाहते हैं, क्योंकि यही बात युवाओं को (सिनेमा) जाकर देखने को मजबूर करती है। अभिनेत्री ने कहा कि यह कलाकारों के लिए भी महत्वपूर्ण है कि वे इस 'भ्रम' में रहें कि वे हमेशा युवा रहेंगे। मुखर्जी ने कहा, 'आप दिल से युवा हो सकते हैं, लेकिन अपनी उम्र को स्वीकार करना और अपनी उम्र के अनुरूप भूमिकाएं स्वीकार करना भी महत्वपूर्ण है ताकि दर्शक आपको स्वीकार कर सकें। इसलिए, यह मेरा हमेशा से एक प्रबुद्ध निर्णय रहा है कि मैं अपने दर्शकों को कुछ ऐसा दे सकूं जो उनके लिए भी सुखद हो। '

अभिनेत्री ने कहा, 'मेरा जीवन का दृष्टिकोण है कि मैं 20 साल पहले जैसी दिखती थीं वैसी ही दिखूं और जीवन भर ऐसी ही दिखती रहूं। अच्छी और स्वास्थ्यकर जीवनशैली अपनाकर इसे कायम रखूं क्योंकि जब पैसे चुकाकर दर्शक आपके काम को देखने आते हैं तब वे एक अच्छा चेहरा देखना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'वे आपका पस्त चेहरा नहीं देखना चाहते और इसलिए मैं भी अंतराल लेती हूं और अपना काम करती हूं, क्योंकि इसने पिछले 27 वर्षों से दर्शकों से जोड़े रखा है और मुझे उम्मीद है कि यह सिलसिला अगले 27 वर्षों तक जारी रहेगा।' मुखर्जी ने कहा कि मुझे 20 वर्ष की उम्र में भी पर्दे पर मां का किरदार निभाने में झिझक नहीं हुई। उन्होंने कहा,मैंने अपनी तीसरी फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में एक मां की भूमिका निभाई थी और मैंने ऐसे किरदार को निभाना जारी रखा। मैंने 'ता रा रम पम' में भी दो बच्चों की मां की भूमिका निभाई थी।' रानी मुखर्जी ने कहा कि उन्होंने हमेशा भारतीय महिलाओं को मजबूत किरदार के रूप में पेश करने की कोशिश की है। गोवा में 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में रानी मुखर्जी के साथ 'सम्मोहक प्रदर्शन देने' की थीम पर एक सत्र आयोजित किया गया। गलाट्टा प्लस के प्रधान संपादक और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म समीक्षक बरद्वाज रंगन द्वारा संचालित चर्चा में रानी मुखर्जी के जीवन और शानदार करियर पर प्रकाश डाला गया। अभिनेत्री ने कहा,भारत के बाहर, फिल्मों और उनके पात्रों को हमारी भारतीय संस्कृति के प्रति खिड़की के रूप में देखा जाता है। हमेशा मजबूत फिल्मों और भूमिकाओं के साथ खड़े रहना महत्वपूर्ण है। कभी-कभी आपको उस अवधि में दर्शकों की स्वीकृति नहीं मिल पाती है, लेकिन सिनेमा के इतिहास में ऐसी फिल्मों और किरदारों को जगह मिलेगी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

शरीर व आत्मा दोनों का अस्तित्व अलग-अलग है। हम शरीर को बहुत महत्व देते हैं लेकिन आत्मा के बारे में बिल्कुल नहीं सोचते हैं। आत्मा का अनुभव मनुष्य जन्म में ही किया जा सकता है और मनुष्य जन्म में भी आत्मा का अनुभव कम लोग ही कर पाते हैं। उन्होंने कहा आत्मा का अनुभव करने के लिए 12 भावना से भावित होना चाहिए और सूत्रों के अर्थ को जानकर क्रिया करनी चाहिए, ऐसा करने से हमें आत्मा की अनुभूति होगी। हमारे अंदर यदि पाप का डर है तो कर्मबंध कम होते जाएंगे। शरीर के जो पाप हो रहे हैं उन्हें गम से, चाल से और भाव से कम करना है, तब ही आप आत्मा का अनुभव कर सकते हो।



# एक संत सौ गुणों का शिक्षक होता है : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। श्री एसएस जैन संघ साहूकारपेट के तत्वाधान एवं महासती श्री धर्म प्रभा जी म. सा .के सानिध्य में जैन धर्म दिवाकर श्री चौथमल जी म. सा की जन्म जयंती एवं चातुर्मास विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर श्री चौथमल जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महासती श्री धर्मप्रभाजी ने कहा कि चौथमलजी म. जैन जगत के दिवाकर के समान थे उनका जीवन चौमुखी प्रतिभा एवं सर्वगुण संपन्न था। एक संत सौ गुणों का शिक्षक होता है।

संत का जीवन उत्तम विचारों से परिपूर्ण होता है संत सूर्य के समान होते हैं जैसे कि सूर्य बिना किसी भेदभाव के सभी को अपना ताप व प्रकाश देता है ठीक उसी प्रकार संत प्राणी मात्र के कल्याण की कामना करते हैं। जिस प्रकार चंदन सांपों से युक्त होने के बाद भी अपनी शीतलता नहीं छोड़ता है उसी प्रकार संत बुरे व्यक्तियों की संगति मिल जाने पर अपनी शालीनता व उत्तमता का त्याग नहीं करता है। संत एक का नहीं अनेक का होता है। महासती धर्मप्रभाजी ने बताया की किसी महापुरुष के जीवनी व उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालना अधिक दुष्कर कार्य होता है श्री चौथमल जी महाराज का जीवन भी इसी प्रकार के गुणों से ओतप्रोत सत्य अहिंसा की ज्योत से जगमगाता तेजस्वी ओजस्वी और निष्काम भावना से भरा हुआ था। आपकी वाणी में साक्षात सरस्वती का वास था। आपकी प्रवचन शैली इतनी अद्भुत थी की मात्रा जैन ही नहीं जैनेतर भी बल्कि यहां तक की सैकड़ों मुसलमान भी आपके प्रवचनों के दीवाने थे। आपके अंदर सेवा विनय सरलता सहजता व संगठन के गुण कूट-कूट कर भरे हुए थे। इस अवसर पर संघ के कुछ वक्ताओं ने महासती जी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की जिसमें जवरीलाल चौधरी, चंपालाल बोथरा, गौतमचंद मुथा, संघ के कार्याध्यक्ष महावीर सिसोदिया, संघ के अध्यक्ष अजीतराज कोठारी, हस्तीमल खटोड़, राजेश चौरडिया, पारस जैन, जैतारण से पधारे हुए नरेश बोथरा पंजाब से पधारे हुए अश्विनी कुमार मित्तल, सज्जन राज सुराणा आदि कई महानुभावों ने भाषण एवं भजनों के माध्यम से महासती के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्ति की। श्री संघ की सभी सहयोगी संस्थाएं जिनमे श्री एस एस जैन संस्कार मंच युवा शाखा एस एस जैन संस्कार मंच महिला शाखा, जय संस्कार महिला मंडल के सदस्यों ने भी अपने भाव व्यक्त किये।

इस अवसर पर जैतारण पवन धाम से कई अतिथि भी पधारे जिनका सम्मान संघ द्वारा किया गया। इसके साथ ही चातुर्मास कॉल में संघ के अनेक सदस्यों द्वारा सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी सदस्यों का संघ द्वारा सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन जैन संघ के महामंत्री सज्जनराज सुराना ने किया।

# वीर लोंकाशाह जयंती मनाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ तमिलनाडु के तत्वावधान में साहूकारपेट के स्वाध्याय भवन में श्रद्धा भक्ति दिवस के रुप में वीर लोंकाशाह 608वीं जयंती मनाई गयी। स्वाध्यायी आर वीरेंद्र कांकरिया ने आठ कर्मों के उदय में आने के कारण, उनकी काल स्थिति आदि पर विस्तृत विवेचन किया। श्रावक संघ तमिलनाडु के कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने गुजरात के अरहटवाडा ग्राम में पिता हेमाशाह व माता गंगाबाई दफ्तरी के यहां जन्म लेने वाले श्रमण परम्परा जिनशासन के दिव्य नक्षत्र क्रांतिवीर वीर लोंकाशाह का जीवन परिचय देते हुए बताया कि जिनशासन की शुद्ध परम्परा के प्रचारक के रूप में लोंकाशाह का नाम युगों-युगों तक अमर हो गया। श्रमण वर्ग में पनप रही शिथिलता व जिन-पूजा व जिन-भक्ति के नाम पर बढ़ते हुए अनावश्यक आडम्बरों को रोकने व शुद्ध धर्म के पालन हेतु लोंकाशाह ने प्रभु महावीर के सिद्धांतों व पंच महाव्रतों का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का पुरुषार्थ किया। उन्होंने साबित किया कि जहां हिंसा हैं वहां धर्म नहीं हो सकता हैं। धर्म के नाम पर हिंसाजनक क्रियाएं नहीं करनी चाहिए। लोंकाशाह लिपिकार होने के साथ साथ जैन आगमों की पूर्ण जानकारी रखने वाले श्रावक रहें। उनकी मान्यता को स्वीकार कर हैदराबाद की ओर विहार कर रहे ज्ञानमुनिजी के पास 45 व्यक्तियों ने जैन भागवती दीक्षा ली,विक्रम संवत 1527 वैशाख शुक्ल तृतीया को लोंकाशाह गच्छ की नींव पड़ी। जिनशासन की शुद्ध परम्परा के प्रचार करते हुए दिल्ली से अलवर पहुँचे, वहां अट्टम तेले के पारणे के समय विरोधी ने उन्हें पारणे की सामग्री में विष मिलाकर दे दिया पर जीवन भर जिनशासन का अमृत पान कराने वाले वीर लोंकाशाह ने बिना द्वेष भाव के समाधि पूर्वक संथारा मरण स्वीकार कर लिया। उनका विक्रम संवत 1546 समाधिपूर्वक मरण 74 की वय में चैत्र शुक्ल ग्यारस को हुआ।

धर्मसभा में श्रावक संघ के उपाध्यक्ष अम्बालाल कर्णावट,स्वाध्यायी कांतिलाल तातेड़ ने वीर लोंकाशाह के श्रद्धा पूर्वक गुणगाण किये। स्वाध्यायी लीलमचन्द बागमार, श्रावक संघ के कोषाध्यक्ष के. प्रकाशचंद ओस्तवाल की सामायिक परिवेश में उपस्थिति प्रमोदजन्य रही।




# आत्मा कर्मों के चलते भारी होती है : साध्वी चैतन्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के पुरुषवाक्कम स्थित एएमकेएम में विराजित साध्वीश्री चैतन्यश्री म. सा. ने बताया कि जीवन में कभी खुशी और कभी गम मिलता है। शुभ कर्म का उदय हो तो खुशी मिलती है तथा अशुभ कर्म का उदय होने पर गम मिलता है। हमारी आत्मा के साथ कर्म दूध और पानी के जैसे मिले हुए हैं। जब तक कर्म आत्मा के साथ चिपके रहेंगे तब तक आपको सिद्धियां नहीं मिलेगी। आज सबसे अधिक सुख तथा दुख कर्म के उदय के कारण हैं। अगर शुभ कर्म का उदय हैं तो संपत्ति और बाकी के सुख मिलते हैं लेकिन वह सुख संसार को बढ़ाने में सहायक होते हैं। वह संपत्ति कर्म बंध का कारण बन जाता है। भगवती सूत्र में भगवान महावीर से जयंती श्राविका ने एक प्रश्न पूछा की आत्मा हल्की होती है या भारी भगवान फरमाते हैं की आत्मा का स्वभाव हल्का होता है परंतु आठों कर्म की वजह से यह जीवात्मा भारी बनती रहती है। एक दृष्टांत के द्वारा जयंती श्राविका को समझाते है कि कास्ट का पात्र को तालाब मे डालने से वह तीरेगा वहीं कास्ट के पात्र को गीली मिट्टी से आठ बार लेप लगाने से वही पात्र पानी मे डूब जायेगा उसी प्रकार आठ कर्म बंध के कारण यह आत्मा संसार सागर में डूब रही है। आज वीर लोकाशाह जयंती मनाई गई लोकाशाह के बारे में बताया गया कि उन्होंने अपने जीवन में जैन धर्म के लिए अपने आप को कुर्बान कर दिया आज उन्हीं की वजह से हम आगम का अध्ययन कर पा रहे हैं और हम आगम की जानकारी ले पा रहे हैं। अगर वह नहीं होते तो यह आगम हमारे हाथ में नहीं होता और आम जनता आगम का ज्ञाता नहीं हो पाता। आज चातुर्मास का समापन दिवस था साध्वी श्री निर्मितप्रभाजी म.सा. ने संघ के प्रति तथा साध्वी चैतन्यश्रीजी म.सा. के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। सुबोधजी म.सा.ने भी एक गीत के माध्यम से संघ एवं चैतन्यश्रीजी म.सा. के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। साध्वी श्री जिज्ञासाजी म. सा.ने भी आज अंतिम दिवस पर भावुक होते हुए एक गीत के माध्यम से कृतज्ञता व्यक्त की जिन शासन प्रभाविका चैतन्य श्रीजी म.सा. ने अपने उद्बोधन में बताया की संघ हो तो पुरुषवाक्कम संघ जैसा हो 5 महीने के चातुर्मास में कभी किसी के साथ ना तो मनु मुटाव हुआ और ना कोई टकराव हुआ एक दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते रहे अनेक कार्यक्रम हुए संघ के सहयोग से चातुर्मास में अनगिनत उपलब्धियां प्राप्त हुई। आज धर्म सभा में अशोक वसंता बाई पुंगलिया, अशोक राजकुमारी कोठारी, एवं कांतिलाल ताराबाई देसरला ने आजीवन शीलव्रत अंगीकार किया।




# गौतमचंद श्रीश्रीमाल बने कोयंबतूर राजस्थानी संघ के अध्यक्ष

## राजस्थानी संघ के चुनाव शांति पूर्ण सम्पन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




कोयम्बटूर। कोयंबतूर से सबसे बड़ी प्रवासी राजस्थानी सामाजिक संघटन राजस्थानी संघ जिसमें 3271 सदस्य है, के अध्यक्ष पद को लेकर रविवार को चुनाव हुए। संघ के चुनाव अधिकारी बाबूलाल सेठ और सह चुनाव अधिकारी मदनलाल माली, रंजीत सिंह राठौड़, दिलीप सुराना के नेतृत्व में 55 से ज्यादा चुनाव कार्यकर्ताओं की मदद से चुनाव हुआ। चुनाव में दो उम्मीदवार मैदान रहे पहले गौतमचन्द श्रीश्रीमाल और दूसरे नरेन्द्र चौधरी। सभी संघ के सदस्यों ने चुनाव में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

रात्रि 9 बजे आए चुनाव परिणाम में गौतमचन्द श्रीश्रीमाल को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। 1240 मतों में से लगभग 1000 मत उन्हें प्राप्त हुए। चुनाव अधिकारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष गौतमचन्द का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर गौतमचन्द श्रीश्रीमाल ने कहा कि वह एक जुटता के साथ संघ की प्रतिष्ठा में अभिवृद्धि करने का प्रयास करेंगे जिसके लिए आप सभी के सहयोग की नितांत आवश्यकता है। यह जानकारी संघ के किशोर कुमार जैन ने दी।

# सुसंस्कारों की प्रतिष्ठा में साध्वियों की विशेष भूमिका : डॉ. धींग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वेलूर। शसुन जैन कॉलेज में जैनविद्या विभाग के शोध-प्रमुख साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने कहा कि साध्वियों के चुतर्मास और प्रवास में महिलाओं और बच्चों का ज्ञान-ध्यान से विशेष जुड़ाव बनता है। रविवार को वेलूर स्थित जैन स्थानक में उन्होंने कहा कि महिलाओं के जुड़ने से किसी न किसी रूप में परिवार जुड़ जाता है। इससे समाज में अच्छे संस्कारों और सद्गुणों का विकास होता है। आगम और इतिहास के पृष्ठों पर भी साध्वियों और श्राविकाओं का गौरवशाली योगदान अंकित है।

इस अवसर पर साध्वी इंदुप्रभा ने डॉ. धींग के विशिष्ट साहित्यिक योगदान को अनुपम बताया। उन्होंने कहा कि वे लगभग तीन दशक से डॉ. धींग की रचनाएँ पढ़ रही है। प्रणत धींग ने कविता सुनाई साध्वियों सराहना और आशीर्वाद पाया। संघ के महामंत्री रुघजी कन्यालाल राजेश तलेसरा ने डॉ. धींग की अगवानी की। साध्वी शशिप्रभा ने मंगल पाठ सुनाया। इससे पूर्व वीआईटी, वेलूर में अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर, हिंदी कवयित्री और समीक्षक प्रो. सारिका मुकेश और डॉ. धींग के साहित्यिक संवाद के अंतर्गत डॉ. धींग ने अपनी पुस्तक पुरुषार्थ का दीप' भेंट की। डॉ. सारिका ने उनकी काव्यकृति 'एक किरण उजाला' डॉ. धींग को भेंट की।

धींग ने कहा कि अंग्रेजी अध्यापन के साथ हिंदी में रचना करना और कविताओं की पुस्तकें प्रकाशित होना प्रेरणा की बात है। मुकेश त्यागी ने आभार जताया।



# एटीडीसी सेन्टर में मुनिश्री का पदार्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एंड डेंटल केयर सेन्टर श्रीरामपुरम में सोमवार को मुनिश्री राजपदमसागरजी पहुंचें। तेयुप अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने एटीडीसी द्वारा प्रदत्त विभिन्न सेवाओं, डॉक्टरों की उपलब्धता एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। मुनिश्री ने एटीडीसी का अवलोकन करते हुए परिषद परिवार द्वारा मानव सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने हेतु अनुमोदन किया। मुनिश्री ने मंगलपाठ सुनाया। इस अवसर पर जयंतीलाल गांधी, सुनील मेहता, मुकेश देरासरिया, महेश आच्छा, राजेश देरासरिया एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।



# साध्वी लावण्यश्री का मंगल भावना समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। आचार्यश्री महाश्रमण की आज्ञानुवर्ती साध्वीश्री लावण्यश्रीजी के चातुर्मास प्रवास की परिसंपन्नता पर मंगल भावना समारोह का आयोजन तेरापंथ सभा भवन, साहूकारपेट में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जय तुलसी मण्डल से हेमन्त डूंगरवाल एवं पूरी टीम द्वारा मंगलाचरण हुआ। आज के इस मंगल भावना समारोह में तेयुप अध्यक्ष दिलीप गैलडा, महिला मंडल अध्यक्ष लता पारीख, टण्डियारपेट के मुख्य न्यासी पूनमचंद मांडोत, चैनई महिला मंडल की पूर्वअध्यक्ष पुष्पा हिरण के पश्चात कन्या मंडल द्वारा सुंदर नाटिका एवं गीतिका के माध्यम से मंगल भावना व्यक्त की गई।

टीपीएफ से अध्यक्ष प्रसन्न बोथरा, सभा के पूर्व अध्यक्ष प्यारेलाल पितलीया, साहूकारपेट ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी विमल चिप्पड़ द्वारा इस मंगल भावना की बेला पर साध्वी श्री जी के प्रति मंगल भावना प्रेषित की गई। उपासक धनराजजी मालू, अशोक लूणावत एवं किशोर मंडल ने सुंदर गीतिका के माध्यम से अपनी भावना व्यक्त की। महिला मंडल द्वारा मंगल भावना समारोह पर सुंदर नाटिका की प्रस्तुति की गई।

साध्वी श्री सिद्धांतश्री जी एवं दर्शितप्रभा जी ने एक साथ अपनी भावना व्यक्त करते हुए पहेलियों के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं का विशेष परिचय कराया, करणीय कार्यो की रूपरेखा रखी एंव आज के विषय पर मार्मिक गीतिका की प्रस्तुति दी। साध्वीवृन्द द्वारा सबके प्रति मंगल कामना की गई आचार्य महाश्रमण जैन तेरापंथ विद्यालय, माधवरम के चेयरमेन तनसुखलाल नाहर ने माधवरम स्कूल की गतिविधीयों के बारे में जानकारी दी एंव साध्वीश्री जी के प्रति मंगल भावना प्रकट की।

सभा अध्यक्ष उगमराज सांड द्वारा चातुर्मास की गतिविधियों एंव प्रवास काल के कार्यक्रमों की जानकारी दी गई एंव समग्र समाज की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए खमतखामणा एवं मंगल भावना व्यक्त की गई। महिला मंडल से मंत्री हेमलता नाहर एवं सभा के संगठन मंत्री चन्द्रेश चिप्पड़ ने भी अपनी ओर से मंगल भावना व्यक्त की।

# उतावलापन मनुष्य स्वभाव का एक दोष है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने चातुर्मास पूर्णाहुति के सुअवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आतुरता और अधीरता की बुराई मनुष्य को बुरी तरह परेशान करती है। प्रायः हमें हर बात की बहुत जल्दी रहती है, जिस कार्य में जितना समय एवं श्रम लगना आवश्यक है, उतना नहीं लगाना चाहते, अभीष्ट आकांक्षा की सफलता तुरत- फुरत देखना चाहते हैं। इसके लिए कई बार अनीति का मार्ग भी अपनाते हैं। धैर्यपूर्वक सदाचरण के मार्ग पर चलते रहना और अपने में जो दुर्बलताएं हों, उन्हें एक-एक करके हटाते चलना, यही तरीका सही है।

इस सुनिश्चित पद्धति को छोड़कर अधीर लोग बहुत जल्दी अत्यधिक प्राप्त करने की चेष्टा करते हैं जो कुछ उनके पास था, उसे भी गंवा बैठते हैं। उतावलापन मनुष्य स्वभाव का एक दोष है। इसीलिए एक कहावत प्रचलित है उतावला सो बावला। कोई



भी काम करने का एक तरीका होता है, एक व्यवस्था होती है। प्रायः लोग उतावली करते हैं और परिणाम उलटा हो जाता है, जल्दी के बजाए देर हो जाती है, सो भी काम अव्यवस्थित, अस्त-व्यस्त एवं त्रुटिपूर्ण होता है। जल्दबाज व्यक्ति हर काम में उतावली करता है, खाने में उतावली, कहीं जाने में उतावली, बात करने में उतावली आदि और काम बनाने की बजाय बिगाड़ ही देता है। इसीलिए कहते हैं कि काम को पूरी तरह चित्त लगाकर निरंतरता के साथ करिए, न ज्यादा विलंब हो, न ज्यादा जल्दी।

उतावली वास्तव में शीघ्रता नहीं कमजोर मन की विक्षिप्तता होती है। इस मानसिक दुर्बलता से बचना चाहिए और काम को जमे हुए ढंग से करना चाहिए। उन्नति और अभीष्ट मात्रा में इच्छित सफलता तुरत-फुरत नहीं मिलती, तो निराशा भी उत्पन्न हो जाती है। लोग अनेक काम आरंभ करते हैं, सफलता में देर लगती देख छोड़ बैठते हैं और फिर नया काम शुरू करते हैं। इस प्रकार अपना धन, समय और श्रम बरबाद करते रहते हैं। ऐसे लोगों में जोश बहुत होता है, पर वे निराश भी जल्दी हो जाते हैं और मनोरथ पूरा करने के लिए साधु-संत के आशीर्वाद, देवताओं के वरदान, जंत्र-मंत्र आदि उपाय तलाशते हैं। हमें जानना चाहिए कि हर कार्य समय साध्य है और श्रम साध्य भी। कोई मार्ग ऐसा नहीं जिसमें रुकावटें और बाधाएं न हों। उन्हें हटाने के लिए प्रयत्न भी करना पड़ता है और धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा भी। फल की आतुरता, प्रगति के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। धैर्य और साहसपूर्वक अपना कर्त्तव्य करते रहना और उचित मार्ग पर चलते रहना ही हमारे लिए श्रेयस्कर है।

## स्थापना दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु में सोमवार को राजेन्द्र जैन महिला परिषद के स्थापना दिवस के मौके पर महावीर जिनालय के आई हॉस्पिटल परिसर में संस्था के सदस्यों ने ध्वजारोहण किया। सर्व प्रथम प्रभु सन्मुख कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में चैत्यवंदन विधि की गयी है। डायलिसिस सुविधा के लिए आए सभी को लड्डु की प्रभावना दी गई। सभी सदस्यों ने मरीजनों की सेवा के लिए दान राशि भी देने की योजना बनाई जिसमें सभी ने सहयोग करने की बात कही। इस मौके पर जैन चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष कांतिलाल चौहान एवं उपाध्यक्ष वसंत राठोड भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.